दैनिक
भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा
RNI -MPHIN/2021/85532
जय खेड़ापति सरकार
# नवनीत एक्सप्रेस
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष 04 अंक 302 संपादक - संपादक मनीष तिवारी
शिवपुरी, मंगलवार 01 जुलाई 2025
Email ID navneetexpress33@gmail.com
पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

# पहाड़ी राज्यों में बारिश से तबाही

## शिमला में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी, बदरीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड

### हिमाचल में भारी बारिश से 129 सड़कें बंद, लैंडस्लाइड के बाद टनल में 5 घंटे फंसी रहीं गाड़ियां

### बिहार में 5 लोगों पर बिजली गिरी, दरक रहे पहाड़...धसक रही जमीन

### छतरपुर के जटाशंकर धाम में बहने लगा झरना, भिंड की निचली बस्तियों में जलभराव



**नई दिल्ली/भोपाल।**

देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। हिमाचल के सोनल में गाड़ियों के सामने पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा लैंडस्लाइड के बाद रोड पर आ गया। वहीं उत्तराखंड में लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लगा है। मध्यप्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम में बारिश के बाद झरना बहने लगा है। बारिश का पानी पहाड़ों से होकर भोलेनाथ की प्रतिमा के पास से निकलता है। ये नजारा बेहद आनंदित करता है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश का दौर चला।

हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 129 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मानसून के बाद से राज्य में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाडियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते आज हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं। बिहार के भोजपुर, बक्सर और नालंदा में बिजली गिरने से 5 की मौत हो गई। वहीं, गया के इमामगंज में लगुराही वाटरफॉल में रविवार को अचानक पानी बढ़ गया। तेज बहाव में 6 लड़कियां बह गईं। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी

हिमाचल में बीते 48 घंटे से बारिश हो रही है। पिछले 10 दिन में 39 लोगों की मौत हुई है। बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को राज्य में बारिश का रेड अलर्ट है। कई जगहों पर लैंडस्लाइड की आशंका है।

### उत्तरकाशी में 7 मजदूर लापता

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। उत्तरकाशी के सिलाई बैंड के पास बादल फटने की घटना में लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है।

### चूरू में बाढ़ जैसे हालात

राजस्थान के चूरू जिले में सुबह 5 बजे से ही बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में स्थित घरों और दुकानों में 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। पूरे राजस्थान में 20 जून के बाद से ही मानसून की बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण पाली में कई जगह बरसाती नदियां उफान पर हैं।

## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में शुक्ला का तीसरा दिन, न्यूरो मोशन वीआर प्रोजेक्ट के लिए डेटा जुटाया



### आईएसएस से एक नई सेल्फी फोटो सामने आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से एक नई सेल्फी फोटो सामने आई है, इसमें वे हंगरी के एस्ट्रोनॉट टिबोर कपु के साथ मुस्कुराते दिख रहे हैं। यह तस्वीर स्पेस स्टेशन के कपोला मॉड्यूल के अंदर से ली गई है। स्पेस मिशन में शुभांशु के साथ कमांडर पैगी व्हिटसन, मिशन स्पेशलिस्ट स्लावोश उज़नान्स्की-विश्निव्स्की और टिबोर कपु मौजूद हैं। इस मिशन में वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर वैश्विक जागरूकता अभियानों तक, कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ की जा रही हैं। यह अध्ययन इस दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है कि भविष्य में एल्गी एक पोषक तत्वों से भरपूर, टिकाऊ फूड सोर्स बन सकती है, खासकर लंबे स्पेस मिशनों के लिए वरदान साबित हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हो रहे जयशंकर करेंगे हिंद-प्रशांत क्षेत्र साझा दृष्टिकोण पर चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका के लिए रवाना हो रहे है। इस दौरान वे क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने और स्वतंत्र व खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को मजबूत करने पर केंद्रित चर्चा करने वाले है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर 30 जून से 2 जुलाई तक अमेरिका यात्रा पर जा रहे है। यात्रा के दौरान वे 1 जुलाई को आयोजित होने वाली क्वाड बैठक में भाग लेने वाले हैं, जो इस साल 21 जनवरी को वॉशिंगटन में हुई पिछली बैठक की चर्चाओं का विस्तार होगी। जयशंकर यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय भी जाएंगे, जहां वे ÷ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म÷ नामक एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने वाले है। यह प्रदर्शनी आतंकवाद के मानवीय प्रभाव को उजागर करने के उद्देश्य से लगाई जा रही है। यह यात्रा तब हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियाँ, मालवाहक मार्गों की स्वतंत्रता, और रणनीतिक सहयोग की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। भारत के लिए यह बैठक रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और वैश्विक मंचों पर अपनी भूमिका मजबूत करने का एक प्रमुख अवसर मानी जा रही है।

### जीएसटी के 8 साल पूरेः पिछले 5 साल में दोगुनी हुई टैक्स वसूली, 2024-25 में हर महीने रु 1.84 लाख करोड़ टैक्स कलेक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।आज देश में जीएसटी लागू हुए 8 साल पूरे हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को देश में तस्झ लागू किया गया था। इस दौरान टैक्स कलेक्शन के आंकड़ों ने नया रिकॉर्ड




बनाया है। वित्त वर्ष 2024-25 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 22.08 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो 5 साल पहले 2020-21 में सिर्फ 11.37 लाख करोड़ था। यानी, 5 साल में टैक्स वसूली लगभग दोगुनी हो गई है। 2024-25 में हर महीने औसत जीएसटी कलेक्शन 1.84 लाख करोड़ रुपए रहा। ये 5 साल पहले 2020-21 में 95 हजार करोड़ रुपए था। जीएसटी लागू होने के वक्त 2017 में रजिस्टर्ड टैक्सपेयर्स की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1.51 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे सरकार का टैक्स बेस भी मजबूत हुआ है। सरकार का कहना है कि तस्झ लागू होने के बाद टैक्स कलेक्शन और टैक्स बेस दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इससे देश की फिस्कल पोजिशन मजबूत हुई है और टैक्स सिस्टम ज्यादा पारदर्शी और आसान बना है।

# ब्रिक्स में शामिल होंगे पीएम नरेन्द्र मोदी

## 27 साल बाद किसी भारतीय पीएम का होगा पहला घाना और नामीबिया दौरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल्द घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा करने वाले हैं। सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री 2 से 3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 साल बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने हाल ही में भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं। दशकों से कई क्षेत्रों में हमारे संबंध विकसित हुए हैं।

उन्होंने कहा,दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। आर्थिक मुद्दे वार्ता का मुख्य विषय होंगे। भारत और घाना के बीच करीब 3 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है, जिसमें सोने के आयात का बड़ा योगदान है। इस दौरे के दौरान कृषि, पश्चिम अफ्रीका में टीका विकास केंद्र, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल सार्वजनिक ढांचे पर फोकस किया जाएगा। कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए जाएंगे।

### 27 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का नामीबिया दौरा

रवि ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी 9 जुलाई को नामीबिया का दौरा करेंगे। यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 27 साल बाद हो रही है। भारत और नामीबिया के बीच लगभग 600 मिलियन डॉलर का व्यापार है, जो थोड़ा बहुत भारत के पक्ष में ही है। निवेश 800 मिलियन डॉलर के करीब हैं। भारत ने नामीबिया से कुछ चीतों को लाकर कुनो नेशनल पार्क में उनकी आबादी बढ़ाई है। यह परियोजना विकास सहयोग, क्षमता निर्माण, रक्षा सहयोग और नामीबिया के कर्मचारियों के रक्षा प्रशिक्षण में बहुत सफल रही है। हमने सूचना तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया है। दोनों देशों के बीच यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरऑपरेबिलिटी टेक्नोलॉजी के समझौते हुए हैं। नामीबिया प्राकृतिक संसाधनों और खनिजों में समृद्ध देश है। इसमें यूनियनम, तांबा, कोबाल्ट, दुर्लभ पृथ्वी के तत्व, लिथियम और ग्रेफाइट बड़े पैमाने पर पाए जाते हैं। नामीबिया ने नए तेल क्षेत्रों की भी खोज की है। उन्होंने बताया, 17वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 6 और 7 जुलाई को ब्राजील में हो रहा है। इस सम्मेलन का विषय समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना है । भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 10 मजदूरों की मौत

## 20 घायल

### पशमिलाराम के सिगाची इंडस्ट्री में रिएक्टर फटने से लगी आग, कई श्रमिक अब भी फंसे होने की आशंका



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के निकट संगारेड्डी के पशमिलाराम इंडस्ट्रियल एस्टेट में सोमवार सुबह एक केमिकल फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट से कम से कम 10 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा सिगाची फार्मा कंपनी में उस समय हुआ जब फैक्ट्री के रिएक्टर में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। विस्फोट के साथ ही तेज आग फैल गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई मजदूर जान बचाने के लिए भागते नजर आए।

हादसा जिले के पाशमिलारम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में सुबह लगभग 7 बजे हुआ। घटना पर तेलंगाना फायर डिपार्टमेंट ने बताया, कि मौके पर 11 दमकल गाड़ियां और कई एंबुलेंस तैनात की गई हैं। अब तक 14 घायलों को फैक्ट्री से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में जहां 10 मजदूरों की मौत हो गई, जिसकी फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है वहीं करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है। कुछ श्रमिकों के अंदर फंसे होने की आशंका बनी हुई है। पुलिस और फायर अधिकारियों ने पुष्टि की है कि घटना का कारण रिएक्टर विस्फोट ही प्रतीत होता है। सीनियर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

## हमारी संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती हैः राष्ट्रपति मुर्मू

### दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति ने बच्चों को दिए जीव कल्याण के मंत्र



**आजाद एक्सप्रेस, बरेली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को यूपी के बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा हमारी संस्कृति ईशावास्यम् इदं सर्वम् के जीवन मूल्य पर आधारित है, जो सभी जीवों में ईश्वर को देखती है। हमारे देवताओं और ऋषियों ने पशुओं से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में छात्रों से कहा कि मनुष्य का वनों और वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। कई प्रजातियां या तो विलुप्त हो गई या विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए अहम है। ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है, उसका इस्तेमाल सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने मानव जाति को चेताया है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीव-जंतुओं और पर्यावरण को भी अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। आज दुनिया भर में एक स्वास्थ्य की अवधारणा को महत्व दिया जा रहा है।

### अमेरिकी सांसद ने जोहरान को हाथ से खाना खाने को लेकर घेरा, बोले-

# पश्चिमी तौर-तरीके सीखो, अन्यथा अपने पिछड़े देश जाओ

### न्यूयॉर्क में मेयर उम्मीदवार हैं भारतीय मूल के जोहरान, सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**

भारतीय मूल के न्यूयॉर्क मेयर पद के उम्मीदवार जोहरान ममदानी का हाथ से दालख-चावल खाना कुछ लोगों को भाया नहीं है। यहां तक कि एक अमेरिकी सांसद ने तो यहां तक कह दिया कि पश्चिमी तौर-तरीके सीखो अन्यथा अपने पिछड़े देश वापस चले जाओ। वैसे हाथ से खाना खाते हुए जोहरान का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में वे फिलिस्तीन मुद्दे पर अपनी राय रखते भी नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो को लेकर अमेरिका के रिपब्लिकन सांसद ब्रैंडन गिल ने नस्लीय टिप्पणी करते हुए कहा है, कि अगर आप पश्चिमी तौर-तरीके नहीं अपना सकते, तो अपने पिछड़े देश वापस चले जाइए। गिल



ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा कि सभ्य समाज इस तरह से खाना नहीं खाता, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर तीखी बहस छिड़ गई है। उनके इस बयान को न केवल नस्लवादी और सांस्कृतिक असहिष्णुता का उदाहरण माना जा रहा है, बल्कि कई अमेरिकियों ने भी उनकी आलोचना की है।

### सोशल मीडिया पर पलटा गिल पर हमला

ब्रैंडन गिल की टिप्पणी के बाद उन्हें ट्रोल करते हुए लोगों ने लिखा है, कि क्या आप चॉपस्टिक से खाने पर भी आपत्ति जताते हैं? टैको, फ्राइज और बर्गर आप कैसे खाते हैं? कांटे-चम्मच से? एक अन्य ने लिखा, ये उनकी नीतियों पर बहस नहीं कर पा रहे, इसलिए अब संस्कृति पर हमला कर रहे हैं।

### दिखावे का आरोप

हालांकि विवाद का एक और पहलू भी सामने आया है। कुछ यूज़र्स ने जोहरान ममदानी पर कैमरे के सामने सांस्कृतिक पहचान का दिखावा करने का आरोप लगाया है। एक यूजर ने उनकी पुरानी फोटो शेयर की, जिसमें वे चाकू-कांटे से खाते दिख रहे हैं और लिखा, कैमरे के सामने ही अचानक देसी क्यों बन जाते हैं?

### वीडिया में जोहरान ने कहा

वायरल वीडियो में जोहरान ममदानी कहते हैं, कि जब आप किसी थर्ड वर्ल्ड देश से पले-बढ़े होते हैं, तो फिलिस्तीनी संघर्ष को बेहतर तरीके से समझते हैं। उनका यह बयान भी चर्चा में है।

## प्रदेश अध्यक्ष चयन से नाराज भाजपा विधायक टी. राजा ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना की राजनीति में सोमवार को एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया, जबकि गोशामहल से भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पूर्व एमएलसी डॉ. रामचंदर राव को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबरों को लेकर गहरी नाराजगी जताई और इसे भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदमे जैसा बताया है।

भाजपा विधायक टी. राजा सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को भेजे गए त्यागपत्र में लिखा है कि, बहुत सारे लोग चुप हैं, पर यह चुप्पी सहमति नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में अब चुनिंदा लोग पर्दे के पीछे से निर्णय ले रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का पार्टी जुड़ाव कमजोर हो रहा है। टी राजा ने अपने इस्तीफे में यह भी कहा कि उनका पत्र किसी निजी महत्वाकांक्षा के चलते नहीं है, बल्कि यह उन लाखों निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पीड़ा को दर्शाता है जिन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है।

प्रमुख संक्षिप्त

## कौशांबी में खेत में मिले महिला-पुरुष के शव; मिट्टी में धंसा हुआ था दोनों का मुंह, पुलिस जांच में जुटी



कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र में धान के खेत में महिला और पुरुष का शव संदिग्ध हालात में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. दोनों शादीशुदा हैं. शवों के मिलने की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने मामले की गहनता से तफ्तीश की. सूचना पर आईजी प्रयागराज भी मौके पर पहुंचे और जल्द घटना के खुलासा करने का निर्देश दिया. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि चरवा थाना क्षेत्र के गौहानीकला गांव से काफी दूरी पर करीब 11 बजे धान के खेत में दो शव मिलने की सूचना मिली थी, जिसमें एक महिला और एक पुरुष हैं. दोनों की उम्र करीब 40 से 45 साल के आसपास है. उन्होंने बताया कि एक मोटरसाइकिल भी मिली है.उन्होंने बताया कि दोनों की शिनाख्त हो चुकी है. दोनों अगल बगल गांव के रहने वाले हैं. महिला के बारे में बताया गया है कि वह अपने पति से अलग अपने मायके में ही रहती है और मजदूरी करती है. शराब भी पीती है. पुरुष के बारे में बताया गया कि वह भी शराब पीने का आदी है, उसकी पत्नी भी उसके साथ नहीं रहती है.

उन्होंने बताया कि दोनों कल मोटरसाइकिल के साथ देखे गये हैं. शराब पीने की बात भी सामने आई है. खेत में मिट्टी में सनी हुई दोनों का शव मिला है. पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा की मौत की असली वजह क्या है. दोनों का मुंह मिट्टी में धंसा हुआ था. गांव के लोगों ने ऐसी कोई दुश्मनी होना नहीं बताया है.उन्होंने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. शराब के पाउच कहां से खरीदे गये हैं? इसका भी पता लगाया जा रहा है. बहुत जल्दी मामले का खुलासा होगा. हाथ और पैर पर चोटें हैं उससे लग रहा कि किसी जानवर ने काटा हो.

## बाप रे! इतना बड़ा ठग, सोशल मीडिया पर 30 युवतियों से 6400000 ऐंठे, नोएडा पुलिस ने दबोचा

नोएडा उत्तर प्रदेश की नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने मेट्रोमोनियल साइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रोफाइल बनाकर युवतियों से मोटी रकम ऐंठने वाले एक शातिर को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान नेहुल सुराना (32) निवासी जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। वह बीकॉम पास है। इसके पास से 2 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड, 7 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, डीएल और 3 विभिन्न कंपनी के गेम कार्ड बरामद हुआ है।थाना सेक्टर-58 की पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-56 से शुक्रवार को दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी अब तक करीब 30 से अधिक महिलाओं और युवतियों से रकम ऐंठ चुका है। आरोपी ने बीते दिनों मेट्रोमोनियल साइट के जरिये दोस्ती कर महिला इंजीनियर से 64 लाख रुपये ठग लिए थे। एडिशनल डीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली तलाकशुदा महिला ने स्थानीय थाने में शिकायत दी थी। इसमें उसने बताया कि एक व्यक्ति ने खुद को सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर उससे मेट्रोमोनियल साइट के माध्यम से दोस्ती की। शादी का झांसा देकर उसने 64 लाख रुपये हड़प लिए। सारे रुपये मिलने के बाद आरोपी ने महिला से संपर्क तोड़ लिया। इस मामले में महिला ने नेहुल सुराना नाम के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी को पकड़ लिया। नेहुल ने पंजाब के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई की है। वह भी तलाकशुदा है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मेट्रोमोनियल साइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रोफाइल बनाकर नौकरी पेशा युवतियों और तलाकशुदा महिलाओं से दोस्ती करता है। अपने आपको विभिन्न सरकारी एजेन्सी का एक्स कर्मचारी बताकर शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसाकर अपनी और अपने परिवार की आर्थिक समस्याओं को बताकर व अच्छे भविष्य के सपने दिखाकर प्रोपर्टी, कीमती वाहन खरीदने को बताकर पीड़िता के बैंक में जमा धनराशि को अपने अकाउंट में ले लेता है। जब तक उसे रकम मिलती, तब तक वह दोस्ती निभाता। जैसे ही रुपये मिलने बंद होते, वह संपर्क तोड़ देता। महिलाओं और युवतियों से मिले रुपये को आरोपी मौज-मस्ती और महंगे शौक में उड़ाता। इसके अलावा वह ठगी की रकम को क्रिप्टो और यूएसडीटी समेत अन्य माध्यमों में निवेश भी करता।

पीड़िता ने दी जानकारी

आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पीड़िता ने कहा कि आरोपी ने उसका विश्वास तोड़ा है। भविष्य के सपने दिखाए और अचानक से सारी खुशियां बिखेर कर रख दीं। विश्वास तोड़ने पर उसे माफ नहीं किया जा सकता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी नेहुल की शादी वर्ष 2021 में हुई। दो माह बाद ही उसकी पत्नी से अनबन शुरू हो गई। दोनों ओर से तलाक के लिए अर्जी लगाई गई। आखिर दो साल बाद वर्ष 2023 में उसका तलाक हो गया। आरोपी के पिता रियल स्टेट के कारोबारी हैं। आरोपी के मोबाइल की जब जांच की गई तो सामने आया कि उसने कई महिलाओं से अपने अकाउंट में रुपये मंगाए।

### एडीसीपी बोले

एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला ने बताया कि आरोपी ने अगस्त 2024 में जीवनसाथी. कॉम के माध्यम से एक महिला से संपर्क किया। युवती को एमएचए का अधिकारी बताया। उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया।

# लुटेरों को संरक्षण दे रहीं, जाति के नाम पर बांट रहीं थीं पिछली सरकारें, भामाशाह जयंती पर बोले सीएम योगी



लखनऊरूदानवीर भामाशाह की जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि 2016 में लखनऊ में एक व्यापारी की निर्मम हत्या हुई थी, सुलतानपुर में सराफा व्यवसायी को गोली मारी गई थी। उस समय की सरकार लुटेरों और बदमाशों को संरक्षण दे रही थी। हमारी सरकार ने व्यापारी और बेटी की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा। हमने कहा कि इनकी सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का टिकट यमराज काटेंगे। जब बदमाशों का हिसाब हुआ, तब जाति के नाम पर बांटने वाले घड़ियाली आंसू बहाने लगे।योगी ने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसने परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा दिया और करोड़ों लोगों को रोजगार मिला। वहीं, पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति के नाम पर बांटने वालों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' का मॉडल चलाया। सीएम योगी ने जीएसटी विभाग को निर्देश दिया कि हर साल प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ में और प्रत्येक जिले के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि दुर्घटना का शिकार होने वाले जीएसटी देने वाले व्यापारियों को सरकार की ओर से 10 लाख की सहायता प्रदान की जाए।श्नदियों के पुनरोद्धार अभियान से जुड़ें व्यापारीश्सीएम योगी ने व्यापारियों से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर जिले में एक नदी के पुनरोद्धार और पौधरोपण का अभियान चल रहा है। व्यापारी और व्यापार मंडल इस अभियान से जुड़ें। नदियां सबको पानी देती हैं, पेड़ सबको छाया देते हैं। इनके संरक्षण के लिए हमें आगे आना होगा। इस अवसर पर सीएम आदित्यनाथ ने दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही, समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों को भी सम्मानित किया गया।इन व्यापारियों का किया गया सम्मान2024-25 में सर्वाधिक कर देनेवाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग, हेमंत शर्मा, मोहम्मद जावेद सिद्दिकी, अमित निगम, अशोक कुमार गुप्ता, नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को

## कस्बा कॉलेज गैंग रेप- कोलकाता पुलिस ने मामले मे SIT सदस्यों की संख्या बढ़ाई




कोलकाता कस्बा गैंगरेप मामले में कोलकाता पुलिस की विशेष जांच टीम (ैप्ज) के सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई है. पहले इस जांच टीम में कुल पांच लोग शामिल थे. अब घटना के महत्व को समझते हुए एसआईटी में चार अतिरिक्त लोगों को लाया गया है. नतीजतन, कस्बा गैंगरेप मामले में एसआईटी के सदस्यों की संख्या अब कुल नौ हो गई है. यह बात कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव चीफ रूपेश कुमार ने कही.इसके अलावा कस्बा मामले में शनिवार को पूरी घटना का रीक्रिएट किया गया. पता चला है कि कोलकाता पुलिस के जांच अधिकारी तीनों आरोपियों को घटनास्थल पर ले गए और घटना को रीक्रिएट किया. इस दौरान उनकी वीडियोग्राफी भी की गई. सूत्रों के अनुसार रीक्रिएशन यह जानने के लिए किया गया था कि घटना कैसे हुई. आरोपियों से पूछताछफिलहाल, पुलिस ने घटना के चार आरोपियों, संबंधित कॉलेज के दो छात्रों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी, कॉलेज के पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा और एक सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार जांचकर्ताओं ने घटना में गिरफ्तार तीन मुख्य आरोपियों से अलग-अलग बात की है. उनकी मेडिकल जांच भी कराई गई है.

### घटना के वीडियो फुटेज से मिलान


जानकारी के मुताबिक कोलकाता पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल में एक महिला सब-इंस्पेक्टर भी शामिल है. वह लगातार पीड़िता के संपर्क में है और उसके बयान का मिलान आरोपी के फोन से बरामद घटना के वीडियो फुटेज से किया जा रहा है. पीड़िता की मेडिकल जांच हो चुकी है और जांचकर्ता उसकी रिपोर्ट की भी जांच कर रहे हैं.महिला आयोग ने किया निरीक्षणइस बीच रविवार को कस्बा थाने का दौरा करने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य मौके पर पहुंचीं. उन्होंने पूरे घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों से बात की. हालांकि, आरोप है कि जब उन्होंने घटनास्थल पर तस्वीरें लेने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया.हालांकि, इस मामले पर पुलिस की ओर से अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है. गौरतलब है कि 25 जून को कस्बा लॉ कॉलेज के गार्डरूम में छात्रा के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था. अगले दिन वह अपने अभिभावक के साथ कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज गई थी. वहां उसका मेडिकल टेस्ट हुआ था.रिपोर्ट में बताया गया है कि पीड़िता के गुप्तांगों पर कई चोट के निशान थे. इसके अलावा गर्दन पर नाखून के साथ चोट या खरोंच के निशान थे. स्तनों पर भी काटने के निशान पाए गए. रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न के भी सबूत मिले हैं. पीड़िता के गले, छाती और गुप्तांगों से सैंपल लिए गए थे. हालांकि, यूरिन प्रेग्नेंसी रिपोर्ट निगेटिव आई थी.

## यूपी में कीड़े की दहशत; अलीगढ़ में महिला की मौत, 27 लोगों की त्वचा नीली-काली पड़ी




अलीगढ़ जिले के मडराक थाना क्षेत्र के गांव भकरौला में अज्ञात कीड़े के काटने से एक महिला की मौत हो गई. वहीं करीब 27 अन्य लोगों को भी यह कीड़ा काट चुका है.इनमें से एक युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है. उसे जेएन मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. इस रहस्यमय कीड़े की वजह से पूरे गांव में दहशत का माहौल है.गांव की एक महिला की मौत के बाद लोगों में इस कीड़े को लेकर खौफ हावी हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि रात में सोते समय अज्ञात कीड़ा काट लेता है. शुरू में त्वचा का रंग नीला पड़ता है, फिर काला पड़ जाता है.हालत बिगड़ने पर लोगों को अस्पताल ले कर जाना पड़ रहा है. पीड़िता शिवांगी कटारा ने बताया कि उसको अज्ञात कीड़े ने काटा. इसके बाद उसको काटने की जगह पर सूजन आयी, फिर वहां की स्किन का रंग बदल गया.गांव की संतोषी देवी ने बताया कि मडराक इलाके में अब तक करीब 27 लोगों को कीड़े ने काटा है. त्वचा पर अचानक सूजन आती है. त्वचा नीली पड़ जाती है. फिर उस जगह पर बेतहाशा जलन होती है. इसके बाद लोगों की काफी कमजोरी लगने लगती है. दिनेश कुमार ने बताया कि उनकी जांघ पर कीड़े ने काटा.इसके बाद लगातार दर्द और सूजन बनी हुई है. उन्हें इलाज के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल लाया गया. वहीं पीड़ित मोनू शर्मा ने बताया कि देर रात सोते समय उन्हें कीड़े ने काटा. उसी रात गांव के तीन अन्य लोगों को भी कीड़े ने काटा था.इस मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज त्यागी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजी गयी है. टीम गांव में पीड़ितों का इलाज कर रही है. बरसात के मौसम में कुछ विशेष कीड़े सक्रिय हो जाते हैं. उनके काटने से त्वचा में रिएक्शन हो सकता है.अभी तक काटने वाले कीड़े की पहचान नहीं हो सकी है. मेडिकल टीम पूरे इलाके का निरीक्षण कर रही है. गांव भकरौला में लोग अब रात में सोने से भी डर रहे हैं. कई ग्रामीणों ने अपने घरों में मच्छरदानी, कीटनाशक और घरेलू उपाय करने शुरू कर दिये हैं. पूरे गांव में खौफ के साये में लोग जी रही है.

## मनुस्मृति संविधान से बड़ी है, इटावा कथा वाचकों का सम्मान करना गलत आरएसएस पर भी खुलकर बोले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



लखनऊ उत्तर प्रदेश के इटावा में कथा वाचकों की पिटाई के मामले पर राजनीति तेज हो गई है। सपा-भाजपा एक-दूसरे पर हमलावर हैं। इस बीच शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया है। उन्होंने मनुस्मृति को संविधान से भी बड़ा बताया और आरक्षण खत्म करने की बात कही। उन्होंने आरएसएस पर नाराजगी जताई और अखिलेश यादव द्वारा इटावा के कथा वाचकों का सम्मान करने को गलत बताया।शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने एनडीटीवी के साथ खास बातचीत में कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने वर्ण व्यवस्था का समर्थन करते हुए कहा कि एक शंकराचार्य के तौर पर वर्ण व्यवस्था को बचाना उनका कर्तव्य है। उनका मानना है कि मनुस्मृति, जो प्राचीन भारतीय कानून की किताब मानी जाती है, संविधान से भी बड़ी। उनके अनुसार, मनुस्मृति ही पूरी दुनिया के लिए संविधान का काम करती है।

शंकराचार्य ने देश में आरक्षण को खत्म करने की बात कही। उनका मानना है कि संविधान भेदभाव कर रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सनातन धर्म में चार वर्ण हैं और कोई भी वर्ण किसी से कम नहीं है। सभी समान हैं।

### सनातन एक जैसा हमेशा रहा है

शंकराचार्य ने सनातन धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि यह हमेशा एक जैसा रहता है। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म आज की तारीख में अलग हो और कल की तारीख में अलग हो, ऐसा नहीं होता है, वो हर तारीख में एक जैसा रहता है, इसीलिए उसका नाम सनातन है। संविधान के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई संविधान की बात करता है तो उसे संविधान की कथा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म और संविधान को एक-दूसरे के खिलाफ नहीं दिखाना चाहिए।

### 200 सालों में क्यों नहीं सफल हुए

शंकराचार्य ने सवाल किया कि जो लोग पिछले 100-200 सालों से बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं, वे अभी तक सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार चार वर्ण हैं, लेकिन कोई भी छोटा या बड़ा नहीं है। उनके अनुसार, सभी भगवान के अंग हैं और सभी को समान फल मिलते हैं।कहा- संविधान में हमको छूट दी गई है<शंकराचार्य ने यह भी कहा कि वे बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को चुनौती नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे संविधान के अनुच्छेद 25, 26, 27 और 28 के तहत मिली छूट के कारण ही सनातन धर्म का पालन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपको पता होना चाहिए कि बाबा साहब के संविधान के आधार पर ही इस देश में हम सनातन धर्म का पालन कर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने आर्टिकल 25, 26, 27, 28, 29 में हमको छूट दी है, इसीलिए हम कर रहे हैं।।रएसएस के सवाल पर खुलकर बोले जब उनसे पूछा गया कि उनकी भाषा आरएसएस के करीब लगती है, तो उन्होंने कहा कि वे धर्म के अनुसार बोलते हैं और किसी का चेहरा देखकर नहीं बोलते हैं। उन्होंने आरएसएस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आरएसएस कुछ नहीं कहता, वह जहां जैसा माहौल होता है, वैसा कहता है।

### अखिलेश द्वारा सम्मान करने को गलत बताया

शंकराचार्य ने अखिलेश यादव द्वारा कथावाचक का सम्मान किए जाने की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह गलत है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार देखा है कि कोई मार खाकर आया और उसका सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय होने पर संवेदना दिखाई जाती है, सम्मान और अभिनंदन नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कारणों से इस मामले को तूल दिया जा रहा है।आरक्षण को खत्म करने की बात कही शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कई विवादास्पद मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया। मनुस्मृति को संविधान से बड़ा बताया और आरक्षण खत्म करने की बात कही। उन्होंने आरएसएस पर नाराजगी जताई और अखिलेश यादव द्वारा कथावाचक का सम्मान करने को गलत बताया। उनके विचारों ने निश्चित रूप से एक नई बहस को जन्म दिया है।

## वाराणसी में पति की हत्या कर तीसरी पत्नी 12 साल की बेटी के साथ हुई फरार; सिर में चोट के निशान मिले



वाराणसी वाराणसी में शिवपुर थाना क्षेत्र के नेपाली बाग इलाके में एक घर में एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद हुआ है. व्यक्ति के सिर पर चोट के निशान हैं. वारदात के बाद तीसरी पत्नी 12 वर्षीय बेटी को लेकर फरार हो गयी. परिजनों एवं उसकी पहली पत्नी ने तीसरी पत्नी पर चाकू से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया.सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई में जुट गए.वाराणसी के नेपाली बाग में होटल में काम करने वाला विकास वर्मा (35 वर्ष) किराए की मकान में रहता था. विकास के साथ उसकी तीसरी पत्नी रिया शर्मा भी रहती थी. विकास की पहली पत्नी रीता देवी अपने मायके जंसा में रहती है. दूसरी पत्नी से भी उसकी बनती नहीं थी. विकास ने चोरी से रिया शर्मा से तीसरी शादी कर ली.विकास और रिया के बीच शनिवार रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. झगड़े में विकास का मोबाइल रिया ने तोड़ दिया. इसके बाद सुबह विकास की हत्या हो गई. डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची. फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए.विकास की पहली पत्नी रीता ने बताया कि वह अभी तक विकास का चेहरा भी नहीं देख पायी है. उसको सबसे सूचना मिली थी कि विकास की चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी गयी. सुबह 8 बजे जानकारी मिलने के बाद वह मौके पर पहुंची थी. विकास की भाभी ने बताया कि रिया चकिया चंदौली की रहने वाली है. उससे कब शादी हुई, यह किसी को नहीं पता है.आरोप है कि रिया हत्या करने के बाद अपनी 12 साल की लड़की को लेकर फरार हो गई. डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि विकास किराए के मकान में रहता था. वह मूलतः जौनपुर का रहना वाला था. वो रिया नाम की महिला के साथ रहता था.मकान मालिक ने बताया कि पति-पत्नी का रात में झगड़ा हुआ था. रिया वारदात के बाद नहीं हैं, वो बिहार की रहने वाली है.

## ब्रीफ न्यूज

### पदोन्नति नियम जारी करने के बाद मांगी सीआर

**भोपाल।** पदोन्नति के नए नियम जारी करने और 31 जुलाई तक पहली पदोन्नति देने के फैसले के बीच सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने मंत्रालय सेवा के प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अफसरों को सोमवार तक हर हाल में अपनी सेल्फ असेसेमेंट (सीआर) ऑनलाइन भेजने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि में सीआर न देने पर सीआर ब्लैंक होने और पदोन्नति पर पड़ने वाले असर के लिए अधिकारी खुद जिम्मेदार होंगे। जीएडी ने असेसमेंट सीआर पर अभिमत देने के लिए सीनियर अफसरों की भी टाइम लिमिट तय कर दी है। जीएडी ने कहा है कि 27 मार्च 2025 को सरकारी कर्मचारियों के वर्ष 2024-25 की सीआर जारी करने को लेकर समय सीमा तय कर इसके निर्देश जारी किए गए थे। ऐसा नहीं होने पर सीनियर अफसर को संबंधित अधिकारी की सीआर ब्लैंक फारवर्ड हो जाएगी और इस तरह की स्थिति आगे के वरिष्ठ अफसरों के साथ भी होगा जिसका नुकसान संबंधित अफसरों को होना तय है।

### मंडे मानसून अपडेट- 15 दिन में 6.8 इंच बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री को आज (30 जून) 15 दिन हो रहे हैं। 16 जून को मानसून एंटर हुआ था, तभी से प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है। अब तक औसत 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो 2 इंच ज्यादा है। ग्वालियर-चंबल संभाग के श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी और अशोकनगर के अलावा निवाड़ी जिले में सबसे अधिक पानी गिर चुका है, लेकिन शाजापुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, बैतूल और बुरहानपुर पिछड़े हुए हैं। इसके बाद भी ओवरऑल तस्वीर बेहतर है। मध्यप्रदेश में मानसूनी सीजन में आमतौर पर 949 मिमी यानी 37.36 इंच बारिश होती है। इसमें से अब तक 172 मिमी यानी, 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन का 10 प्रतिशत है। इस साल जून में तय कोटे से ज्यादा बारिश हो चुकी है। अब करीब 60 प्रतिशत बारिश जुलाई और अगस्त में हो सकती है। बाकी पानी सितंबर में गिरेगा।

### ग्वालियर में 332 बदमाशों-हिस्ट्रीशीटर के घर पहुंची पुलिस

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रविवार-सोमवार दरमियानी रात पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर कार्रवाई की। पांच घंटे की इस कार्रवाई में पुलिस की 50 से ज्यादा टीमों ने शहर और देहात के इलाकों में दबिश दी। इस दौरान 201 वारंटियों को गिरफ्तार कर हवालात भेजा गया। इसके अलावा, पुलिस टीमों ने रातभर में 332 निगरानी बदमाशों के घर जाकर चेक किया कि वे पिछले दिनों में क्या गतिविधियां कर रहे हैं। इनमें से 158 पुराने गुंडे और 174 हिस्ट्रीशीटर शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने उनसे पूछताछ करते हुए जानने की कोशिश की कि वे फिलहाल किस काम में लगे हैं, घर का खर्च कैसे चला रहे हैं और कहीं किसी अपराध में तो शामिल नहीं हैं। रविवार रात ग्वालियर में बारिश के बीच जब लोग घरों में थे, तभी पुलिस ने 11 बजे से कॉम्बिंग गश्त शुरू की। डबरा में एक गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ने गई टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। आरोपी छत से कूदकर भागा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। कई स्थानों पर बदमाशों के परिजनों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी।

### इंदौर से जम्मू की फ्लाइट शुरू करने की मांग

**इंदौर।** इंदौर से जम्मू के लिए फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की मांग ट्रैवल एजेंट्स ने की है। दरअसल, इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से जम्मू के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट को ऑपरेशन सिंदूर के वक्त अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। लेकिन अब तक एयरलाइंस ने इस रूट पर उड़ान शुरू नहीं की है। अमरनाथ यात्रा के चलते इस रूट की मांग काफी बढ़ गई है, लेकिन सीधी उड़ान बंद होने से यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स का सहारा लेना पड़ रहा है। दिल्ली होकर जम्मू पहुंचने में अब ज्यादा समय और खर्च दोनों लग रहे हैं। इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, जम्मू के लिए उड़ान को एयरलाइन ने अभी तक अपने शेड्यूल में शामिल नहीं किया है। पहलगाम हमले से पहले इस फ्लाइट की मांग काफी थी। यात्री इंदौर से जम्मू जाकर वैष्णो देवी और श्रीनगर जैसे स्थलों पर जाते थे। वापसी में भी कई यात्री इसी फ्लाइट का उपयोग करते थे। फ्लाइट की सीधी सेवा से लोग सिर्फ दो घंटे में जम्मू पहुंच जाते थे। ट्रैवल एजेंटों ने मांग की है कि इस रूट पर उड़ान को जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाए। एजेंट्स का कहना है कि इससे धार्मिक यात्रियों को बड़ा फायदा होगा और समय व खर्च भी बचेगा।

दादा धूनीवाले मंदिर नवनिर्माण का भूमिपूजन

# 5 कन्याओं ने गेंती चलाई; कार्यक्रम में सीएम होंगे शामिल, 100 करोड़ से मंदिर लेगा आकार

नगर संवाददाता

**खंडवा।** खंडवा में आज दादा धूनीवाले मंदिर के नवनिर्माण की नींव रखी जाएगी। 5 कन्याओं ने एक के बाद एक गेंती चलाकर भूमिपूजन किया। जल्द ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचेंगे। इस आयोजन में कई बड़े संत शामिल पहुंचे हैं। भूमिपूजन का मुहूर्त सुबह 11 बजकर 40 मिनट से 12 बजकर 15 मिनट के बीच का है। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कन्याओं और संतों को 500-500 रुपए देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री जल्दी ही खंडवा पहुंचेंगे, वे सीधे मंदिर पहुंचकर भूमिपूजन स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और धर्मसभा में शामिल होंगे। मंदिर 100 करोड़ रुपए से बनकर तैयार होगा। इसमें 84 ओपन और 24 कवर्ड मिलाकर कुल 108 खंभे होगें। मंदिर में भूमि पूजन से जुड़े कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं। इस कार्यक्रम में सीएम और कई मंत्री व संत जुड़ेंगे लेकिन भूमि पूजन कन्याएं करेंगी। दादाजी धाम में श्री केशवानंद महाराज (बड़े दादाजी) और श्री हरिहरानंद महाराज (छोटे दादाजी) की समाधि है। यहां 1930 से अखंड प्रज्वलित धूनी जल रही है और मां नर्मदा की प्रतिमा भी विराजमान है। दादाजी की समाधि पर दिन में चार बार भोग अर्पित किया जाता है। वहीं, बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं, नर्मदा परिक्रमा करने वालों और सेवादारों के लिए बड़े भंडारे में सुबह और शाम को टिक्कड़ और दाल की प्रसादी बनाई जाती है। खंडवा में साल 1930 में बड़े दादाजी महाराज ने समाधि ली थी। इसके बाद उनके शिष्य छोटे दादाजी (श्री हरिहरानंद महाराज) उनकी सेवा में रहे। 12 साल बाद, 1942 में उन्होंने भी समाधि ले ली। उनका समाधि



स्थल बड़े दादाजी की समाधि के समीप स्थित मंदिर में बनाया गया है। दादाजी मंदिर नवनिर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे संतों का मंदिर परिसर के बाहर फूल-मालाओं से स्वागत हुआ। वहीं मंदिर के भीतर ट्रस्ट कार्यालय पर संतों और अतिथियों को चादर प्रसादी भेंट की गई। दादाजी धूनीवाले आश्रम के ट्रस्टी सुभाष नागौरी ने कहा भूमिपूजन के अवसर पर मुख्यमंत्री से लेकर देश के महान संतों ने मैं का त्याग किया। दादाजी के आदर्शों और उनके द्वारा बनाए गए नियमों का पालन किया। कन्याओं ने गेंती चलाकर भूमिपूजन की। इस समय भज लो दादाजी का नाम, भज लो हरिहर जी का नाम से मंदिर परिसर गूंजा। कार्यक्रम में आरती-पूजन के बाद पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंत्री, सांसद समेत संतों और नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। संत छोटे सरकार, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल भूमिपूजन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संत और कन्याओं को दक्षिणा में 500-500 रूपए के नोट दिए। न मुख्यमंत्री और न ही संतों के हाथों गेंती चलेगी। भूमिपूजन सिर्फ पांच कन्या करेंगी और अतिथि भूमिपूजन वाले स्थान पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मुहूर्त सुबह 11 बजकर 40 मिनट से 12 बजकर 15 मिनट के बीच का है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, तुलसी सिलावट, धर्मेंद्र लोधी, विजय शाह सहित संत राजेंद्र महाराज, उत्तम स्वामी, विवेकानंद पुरी, दादा गुरु, छोटे सरकार व अन्य संत आएंगे। प्रस्तावित मॉडल के अनुसार मंदिर में कुल 108 खंभे होंगे। इनमें से 84 खंभे खुले रहेंगे, जबकि 24 खंभे समाधिस्थल और नर्मदा मैया मंदिर की दीवारों में कवर्ड रहेंगे। निर्माण में डेढ़ नंबर मकराना के उच्च क्वालिटी मार्बल का उपयोग किया जाएगा। मंदिर निर्माण की अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपए आंकी गई है।

भोपाल में बोले जयवर्धन-जीतू के खिलाफ दर्ज एफआईआर फर्जी

# पुलिस-प्रशासन पर पीड़ित को धमकाने का लगाया आरोप, 8 जुलाई को अशोक नगर थाने पर देंगे गिरफ्तारी

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने मीडिया से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर जिले में दर्ज की गई एफआईआर को फर्जी बताया। साथ ही उन्होंने अशोकनगर एसपी और मुंगावली थाना क्षेत्र के टीआई पर आरोप लगाते हुए एफआईआर वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर 7 जुलाई तक एफआईआर वापस नहीं ली जाती है, तो 8 जुलाई को पूरी कांग्रेस अशोकनगर थाने जाकर गिरफ्तारी देगी। उन्होंने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह मामला न केवल राजनैतिक विद्वेष का प्रतीक है, बल्कि न्याय व्यवस्था के खुलेआम अपमान का उदाहरण भी है। जयवर्धन सिंह ने बताया कि अशोकनगर जिले के निवासी गजराज लोधी ने भाजपा के एक कार्यकर्ता पर मारपीट करने और मल खिलाने का आरोप लगाया था। इसका विरोध पूरे लोधी समाज ने किया। स्थानीय निवासियों ने इस मामले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन प्रशासन ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई।



जयवर्धन ने कहा कि पीड़ित गजराज लोधी और उनका परिवार बार-बार जनसुनवाई में गए, ज्ञापन सौंपे, एसपी ऑफिस का घेराव किया, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब वे कांग्रेस नेता जीतू पटवारी से मिलने पहुंचे। उस समय जीतू पटवारी ग्वालियर दौरे पर थे। पीड़ित ने उनसे वहीं पर मुलाकात की। उस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। जिसमें पीड़ित और उसके परिवार ने अपनी पीड़ा साझा की। इतना ही नहीं, पीड़ित के भाई का एक और वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें पुलिस कार्रवाई नहीं होने पर पूरे परिवार द्वारा आत्महत्या की चेतावनी दी गई है। जयवर्धन सिंह ने यह भी बताया कि यह वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया, लेकिन उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय पीड़ित से जबरन फर्जी एफिडेविट साइन करवाकर कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि 26 जून से पहले जो खबरें स्थानीय अखबारों में छपी थीं, उनमें साफ तौर पर पीड़ित परिवार की पीड़ा और उनके आरोप प्रकाशित हुए थे। उन खबरों की प्रतियां भी कांग्रेस के पास मौजूद हैं, जिनमें जनसुनवाई की तस्वीरें भी छपी हैं।

### जूनियर डॉक्टर्स ने लगाया हेल्थ कैंप

नगर संवाददाता

**भोपाल।** बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य की चुनौतियों से जूझ रहे वृद्धजनों के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के निर्देशन में एक खास पहल की गई। आनंदधाम वृद्धजन सेवा केन्द्र पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन मध्य प्रदेश, एमिटी हेल्थकेयर सोसाइटी और इंडियन डेंटल एसोसिएशन भोपाल ने संयुक्त रूप से निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए नेत्र रोग, दंत रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग और मेडिसिन के विशेषज्ञों ने परामर्श और उपचार दिया। बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित कई रक्त संबंधी जांचें की गईं। तीन वृद्धजनों में मोतियाबिंद और 5 में मानसिक समस्याओं की पहचान की गई, जिन्हें आगे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में बुलाया गया है। शिविर की खास बात यह रही कि एमबीबीएस विद्यार्थियों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनके जीवन के अनुभवों को सुना। यह संवाद सिर्फ चिकित्सा से नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव से भी भरपूर रहा।

## बघेल समाज का प्रतिभावान सम्मान समारोह और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

नगर संवाददाता

धौलपुर राजस्थान ।अखिल भारतीय पाल बघेल धनगर गडरिया गाडरी समाज महासभा धौलपुर के तत्वाधान में मां भारती के वीर सपूत शहीद रामकिशोर बघेल की स्मृति में बघेल समाज द्वारा जीटी रोड स्थित बघेल छात्रावास पर प्रतिभा सम्मान एवं कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर और शहीद रामकिशोर बघेल के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष नारायण लाल गाडरी, विशिष्ट अतिथि महाराज सिंह बघेल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह बघेल,शहीद रामकिशोर बघेल के परिजन रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाखन सिंह बघेल? ने की ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा शिक्षा आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहली और मूलभूत साधन है। अब महिलाओ की भी शैक्षिक स्थिति में सुधार आया है। शिक्षा से ही महिला समाज में अपनी सशक्त भूमिका दर्ज कर सकती है इसलिए सभी को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए ,शिक्षा से ही सामाजिक एकता उत्थान संभव है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी



को अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई ।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा शहीद रामकिशोर के परिजनों को सम्मानित किया गया और सभी समाज बन्धुओं द्वारा शहीद रामकिशोर बघेल अमर रहे के नारे लगाकर कार्यक्रम में जोश भर दिया। कार्यक्रम में बर्ष 2024-25 में 10 वीं,12 वीं ,ग्रेजुएशन ,पोस्ट ग्रेजुशन में 70 प्रतिशत से अधिक 300 से अधिक उत्तीर्ण छात्र छात्राएं, राजकीय सेवा में चयनित, सहित अन्य क्षेत्रो में विशेष कार्य करने वालो को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष लाखन सिंह बघेल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया और पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया ।

### भोपाल में तालाब में मिला नाबालिग का शव

नगर संवाददाता

**भोपाल।** बैरसिया थाना इलाके में रविवार को दोस्तों के साथ नहाने गए नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। सोमवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने बच्चे के शव को तलाश कर पीएम के लिए भेजा। बैरसिया पुलिस हादसे की जांच कर रही है। इस मामले में नाबालिग के दोस्तों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। बैरसिया थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सेन ने बताया कि ग्राम ललरिया निवासी संभू खान अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार की शाम गांव में बारिश हो रही थी। तभी उनका बेटा तोहिद (13) आस पड़ोस के बच्चों के साथ बारिश में नहाने के लिए निकला था। वह दोस्तों के साथ गांव में बने तालाब में नहाने पहुंचा। यहां नहाते वक्त वह गहरे पानी में डूब गया। बारिश के चलते किसी ने नाबालिग पर ध्यान नहीं दिया। गांव लौटे दोस्तों ने उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजन उसे तलाश करते हुए तालाब पर पहुंचे। जहां पर तालाब के किनारे उसकी चप्पल रखी हुई थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और एसडीआरएफ टीम तालाब पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया।

## असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया

नगर संवाददाता

राजाखेड़ा धौलपुर राजस्थान । राजाखेड़ा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर राहुल प्रकाश द्वारा रेंज में चलाए जा रहे असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान एरिया डॉमिनेशन के तहत कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधों में विभिन्न स्थानों से 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया सट्टे की खाई वाली करते हुए अलग अलग स्थानों से 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 15 हजार 640 रुपए सट्टा राशि बरामद की है जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशानुशार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज



शर्मा के पर्यवेक्षण में एवं वृत्त अधिकारी वृत्त मनिया राजेश शर्मा के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव द्वारा मय जाप्ता के थाना राजाखेड़ा से 4 टीमें गठित कर टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधों में 16 अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता हासिल की गई है

2283 करोड़ ठगने वाले लविश चौधरी की जूम मीटिंग

# कहा- अगस्त में मुनाफे सहित पूरी रकम लौटाऊंगा; दुबई से एजेंट के जरिए चला रहा नेटवर्क

नगर संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश समेत 7 राज्यों में निवेश के नाम पर 2283 करोड़ ठगने वाले लविश चौधरी का एक वीडियो सामने आया है। वह जूम मीटिंग लेकर निवेशकों को भरोसा दिला रहा है कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे फर्जी हैं। वो कह रहा है कि सभी के पैसे अगस्त में मूल रकम और प्रॉफिट सहित लौटा देगा। लविश का यह वीडियो एक महीने पुराना बताया जा रहा है। तब उसके खिलाफ ईडी में केस दर्ज किया जा चुका था। जबकि एमपी एटीएस भी जांच कर रही थी। यही नहीं केस दर्ज होने के बावजूद वह दुबई में बैठकर अपने एजेंट्स के जरिए ठगी का पूरा नेटवर्क ऑपरेट कर रहा है। कंपनी के एजेंट अब भी महाराष्ट्र, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में सक्रिय हैं। इधर, भोपाल एसटीएफ एसपी राजेश सिंह भदौरिया का कहना है कि मामले की जांच



एसआईटी की अलग-अलग टीमें कर रही हैं। स्पेशल डीजे पंकज कुमार श्रीवास्तव पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दुबई में बैठे लविश की गिरफ्तारी के लिए लुक आउट नोटिस जारी किया जाएगा। लविश को पकड़ने के लिए ईडी ने पहले ही लुकआउट नोटिस जारी कर रखा है। लविश चौधरी ने जूम मीटिंग में 25 हजार से ज्यादा लोगों को 43 मिनट तक संबोधित किया था। मीटिंग में वह बताता नजर आया कि उसने 2020 में 9 लोगों के साथ क्यूएफएक्स कंपनी से कारोबार शुरू किया था। इसके बाद उसने 5 साल में पूरा कारोबार फैलाया है। उसने कहा कि कितना भी टफ टाइम हो, उस सिचुएशन में लोग साथ खड़े हों, तो सब आसान हो जाता है। मुझे लगता है कि हमने जो भी इतिहास रचे हैं, वे आगे सब छोटे पड़ने वाले हैं। ना मैं हारा हूं और ना आपको हारने दूंगा। सब मिलकर चलेंगे तो बहुत आसान हो जाएगा। गिवअप न करना है, और न करने दूंगा। लविश चौधरी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है। वहां पर उसके खिलाफ पहले ही जालसाजी और गबन के केस दर्ज हैं। वांटेड लविश चौधरी ने इसी साल जनवरी 2025 में थाईलैंड में कंपनी की मीटिंग कराई थी। इसमें भारत से भी कई लोग वहां पहुंचे थे। हाल ही में हुई मीटिंग में लविश चौधरी ने दावा किया कि उसके नेटवर्क में सैकड़ों कंपनियां मर्ज हुई हैं। 7 मई 2024 को लविश चौधरी उर्फ नवाब खान के भाई साजिद का कुछ युवकों ने घर से बुलाकर अपहरण कर लिया था। पुलिस ने उसे मेरठ से बरामद किया था। मामले में खतौली निवासी गौरव, अनुराग, सूरज, आशीष के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बताया गया कि इस अपहरण से पहले ही लविश दुबई जा चुका था, क्योंकि वह तेजी से लोगों की नजर में आने लगा था। पुलिस द्वारा भाई को छुड़ाए जाने के बाद वह अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी दुबई ले गया। परिवार के सदस्य अब दुबई में उसके पास ही रह रहे हैं। वहीं से लविश वर्चुअल मीटिंग कर ठगी के नेटवर्क का संचालन कर रहा है। इंदौर के रहने वाले ईशान सलूजा ने एसटीएफ को शिकायत दी थी कि यॉर्कर एफएक्स और यॉर्कर कैपिटल कंपनी में BOTBRO इन्वेस्टमेंट और फिक्स मुनाफे का झांसा देकर उनके साथ 20.18 लाख रुपए की ठगी की गई है।

### भोपाल में खंभे से टकराई कार, एडवोकेट की मौत

नगर संवाददाता

**भोपाल।** भोपाल के छोला मंदिर इलाके के चित्रकूट नगर भानपुर में कार खंभे से टकरा गई। हादसे के समय रिमझिम बारिश थी, जिस कारण कार के ग्लास में अंदर से फॉग जम चुकी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। छोला मंदिर थाने के एसआई शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि चित्रकूट नगर फेस-2 भानपुर निवासी चेतन ठाकुर (29) पुत्र स्व. रतन सिंह एडवोकेट थे और जिला अदालत में प्रेक्टिस करते थे। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे वह अपनी कार से नादरा बस स्टेंड होते हुए घर लौट रहे थे। तभी उनकी कार छोला थाना के पास मेन रोड के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। पुलिस का मानना है कि बारिश के कारण कार के ग्लास में फॉग जम गया था। जिससे चेतन सड़क को सही से नहीं देख सके। घटना के बाद चेतन को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कविता

# चाँद की चाँदनी..

चाँदनी कुछ नाराज थी आज
चाँद के हाल से परेशान थी आज

कहना बहुत कुछ था पर कह न पा रही थी
खुद ही समझ जाएगा, सोच कर मुस्कुरा रही थी
चाँद भी अंजान बन व्यस्तता का दम भर रहा था
धीरे धीरे अपने लक्ष्य पर चल रहा था
चाँदनी को बातें करने का मन कर रहा था
रात्रि के आलम में दुनिया से डर लग रहा था

फिर भी मन की कौन सुन रहा था
बंद आँखों में नींद को निमंत्रण दिया था

नींद का नामोनिशान ही कहाँ था
नाराज हो कर सपनों का किवाड़ खोला ही तो था
तभी चाँद ने मुस्कुरा कर चाँदनी का स्वागत किया था
भावों को सारे समझ गया था

देख चाँदनी को मुस्कुराते... राहत को चुन लिया था
मानो चाँदनी को कुछ यूँ मना लिया था.. मना लिया था

**वंदना घनश्याला की कलम से**




# यदि पुलिस न होती तो....



## फेसबुक पर डीएसपी श्री संतोष कुमार पटेल की पोस्ट पढ़ रहा था लिखा था......

हम ग्वालियर आरपीएफ में एस आई रवीन्द्र सिंह राजावत के साथ ट्रेन के इंतजार में थे तभी मैंने देखा सर पे बोरी रखे एक मजदूर ने बाहर जाने का रास्ता वर्दी वाले साहब से ही पूंछा। बिना वर्दी के हम पांच छह लोग खड़े थे तभी एक बुंदेली चाचा थैला टांगे आए और हमारे साथ वालों को धक्का देते हुए वर्दी के पास पहुँचे और पूंछा कि छतरपुर की ट्रेन कब मिलेगी..इतना कहना चाहता हूं कि ये जो विश्वास है खाकी वर्दी के प्रति गरीब,मजदूर और पीड़ित परेशान का कि वर्दी धारी इंसान सही रास्ता दिखाएगा..उसे बनाए रखिएगा। नई भर्ती वालों के लिए इतना कहता हूँ कि नई नई खाकी की नौकरी हैज्लहजा मुलायम रखना , मेहनत से मिली है वर्दी जनता का भरोसा कायम रखना। बहुत अच्छी बात लिखी है संतोष जी ने और पुलिस विभाग होता भी इसीलिए है....किंतु कुछ असामाजिक टाइप के लोग किसी भी विभाग में हों किसी भी पद पर हों वह समूचे विभाग के किये कराये पर पानी फेरने का काम करते हैं।

क्या कभी आपने कल्पना की है कि यदि पुलिस न होती तो हमारे समाज का रूप कैसा होता ? हमारे वर्तमान जीवन में पुलिस का बड़ा महत्त्व होता है। देश और समाज की सुरक्षा और शांति के लिए पुलिस की सेवाएँ आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी हैं। इस दशा में पुलिस के अभाव की कल्पना विचित्र एवं असंगत-सी अवश्य लगती है।ट्रेफिक पुलिस रास्तों पर यातायात का नियंत्रण करती है। उसी के संकेत के अनुसार टैक्सियाँ, मोटरें, बसें, ट्रक आदि चलती है, पुलिस के प्रबंध के कारण ही लोग सरलता से रास्ता पार कर सकते हैं और दुर्घटना से बच सकते हैं। अगर पुलिस न होती तो शहरों में वाहन व्यवहार पर कोई नियंत्रण ही न रहता। जल्दबाजी में रोज न जाने कितनी दुर्घटनाएं होती और कितने लोग उनके शिकार हो जाते !पुलिस लोगों के जान-माल की रक्षा करती है। आजकल चोर, लुटेरे, शराबी, जुआरियों की कमी नहीं है । इन समाज विरोधी तत्त्वों से लोगों को बचाना पुलिस का फर्ज है। जो लोग कायदे-कानूनी का उल्लंघन करते हैं उन्हें पुलिस पकड़ती है। अगर पुलिस न होती तो चोर-उचक्कों का ही राज हो जाता । पुलिस के न रहने पर डाकू दिन-रात लोगों, घरों, दुकानों और बैंकों को लूटते रहते । लोग बात-बात में हत्या पर उतारू हो जाते । इस प्रकार पुलिस के न रहने पर समाज में बड़ी अव्यवस्था फैल जाती, जिससे भले आदमियों के लिए जीना भी मुश्किल हो जाता।बड़े-बड़े जुलूस, सभा या मेलों के समय पुलिस की सेवाएँ विशेष रूप से आवश्यक होती हैं। दुर्घटनाओं में भी पुलिस लोगों की बड़ी सहायता करती है। साधारण लड़ाई झगड़ों को निबटाने का काम भी पुलिस ही करती है। पुलिस की इन सेवाओं से हमारा जीवन अधिक सुरक्षित और शांतिमय बना रहता है। अगर पुलिस न होती तो समाज को पलभर के लिए भी सुख-चैन नसीब न होता। मनुष्य की पशुता का पूरा नाश नहीं हुआ है।



इस परिस्थिति में अगर पुलिस न होती तो हमारा व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन अशांत और असुरक्षित बन जाता। फिर तो हम चैन की साँस न ले पाते। सच तो यह है कि पुलिस हमारे जीवन का एक अंग बन गई है। उसके अभाव या अनुपस्थिति की हम कल्पना ही नहीं कर सकते।समाज की सुरक्षा का भार पुलिस के कंधों पर ही होता है यदि पुलिस न होती तो कहीं भयभीत होने पर किस की ओर सुरक्षा की अपेक्षा से देखेंगे? आम लोगों से पुलिस का रिश्ता बहुत संवेदनशील और आत्मीय होता है फिर भी लोग पुलिस विभाग की बुराई क्यों करते देखे जाते हैं यह एक चिंतन का विषय है और पुलिस विभाग के आला अधिकारी सदैव प्रयासरत रहते हैं कि पुलिस और समाज के बीच किसी प्रकार की खाई न पनपने पाये ।मुझे याद है जब मेरे एक घनिष्ठ मित्र अपनी पत्नी के साथ तीर्थ यात्रा करके एक जीप से अपने घर वापस आ रहे थे जीप में सात आठ लोग सवार थे ड्राइवर को नींद का झोका आया और जीप पूरी स्पीड में खड़े ट्रक के पीछे धंस गई और जीप में सवार करीब सभी घायल हो गये और तीन लोगों की मौत हो गई इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल मेरे मित्र ने बताया था कि यदि समय पर पुलिस न पहुंची होती तो हमारी जान बचना मुश्किल हो जाता.. घर परिवार के लोग, नातेदार रिश्तेदार, यार दोस्त और मोहल्ला पड़ौसी के पहले घटना स्थल पर पुलिस का पहुंचना सचमुच बहुत सुखद लगता है। गाँव में कहीं किसी की सड़ी गली लाश मिलती है गाँव के घर परिवार के लोग नाक मुंह सिकोड़ लेते हैं कोई पास नहीं जाता उस स्थित पुलिस की कठिन ड्यूटी और उपयोगिता महसूस की जा सकती है । जैसे जैसे समाज प्रगति कर रहा है समाज में पुलिस की उपयोगिता और अनिवार्यता बढ़ती ही जा रही है इस काल में प्रगति के दौरान कम्प्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल आदि सुविधाओं ने एक ओर देश और समाज की प्रगति के रास्ते खोले हैं तो वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधियों की बढोतरी हो गई है,इन अपराधों से निबटने के लिये भारत में एक साइबर अपराध सेल की स्थापना की गई थी, जिसे बाद में साइबर अपराध पुलिस स्टेशन घोषित किया गया, भारत का पहला साइबर अपराध पुलिस स्टेशन, सीआईडी, बेंगलुरु में शुरू किया गया था ।हमारे प्रगतिशील दौर के वर्तमान जीवन में पुलिस का बड़ा महत्त्व होता है। देश और समाज की सुरक्षा और शांति के लिए पुलिस की सेवाएँ आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी हैं। इस दशा में पुलिस के अभाव की कल्पना विचित्र एवं असंगत-सी अवश्य लगती है।हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए दुपहिया वाहन पर हैलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट बहुत ही आवश्यक है किंतु अपने जीवन की सुरक्षा से ज्यादा पुलिस की चेकिंग के डर से पालन करने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है । दुर्घटनाओं में भी पुलिस लोगों की बड़ी सहायता करती है। साधारण लड़ाई झगड़ों को निबटाने का काम भी पुलिस ही करती है। पुलिस की इन सेवाओं से हमारा जीवन अधिक सुरक्षित और शांतिमय बना रहता है। अगर पुलिस न होती तो समाज को पलभर के लिए भी सुख-चैन नसीब न होता।सच तो यह है कि पुलिस हमारे जीवन का एक अंग बन गई है। उसके अभाव या अनुपस्थिति की हम कल्पना ही नहीं कर सकते।

**सतीश श्रीवास्तव**
**मुंशी प्रेमचंद कालोनी करैरा**

# मूल हिंदुस्तानी, बातें पाकिस्तानी, क्या है बुर्के में लिपटे स्टैचू ऑफ लिबर्टी की कहानी

ममदानी की पहचान इतने तक सीमित नहीं है। उनकी जीत डेमोक्रेट्स की राजनीति में बदलाव के रूप में देखी जा रही है। पूरे अमेरिका समेत हिंदुस्तान में इसे लेकर खासी दिलचस्पी है। कौन हैं ममदानी, हिंदुस्तान से उनका रिश्ता क्या, उनकी राजनीति क्या है और क्या क्या विवाद उनसे जुड़े हैं, तमाम मुद्दों का एमआरआई स्कैन करेंगे। 15 मई 2025 की तारीख न्यूयार्क शहर में मेयर पद के लिए एक अहम डिबेट चल रही थी। मंच पर मौजूद एक 33 साल के कैंडिडेट से एक सीधा सवाल पूछा गया कि अगर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क आते हैं तो क्या आप उनसे मिलेंगे। उन्होंने जवाब देने में बिल्कुल देर नहीं लगाई। कहा कि वो एक युद्ध अपराधी यानी वॉर क्रिमिनल हैं। हमें इसे ऐसे ही देखना चाहिए जैसे हम बेंजामिन नेतन्याहू को देखते



हैं। ये बात कहने वाला शख्स न्यूयॉर्क मेयर पद के लिए डेमोक्रेट्स का प्राइमरी चुनाव जीत चुका है और इनका नाम जोहरान ममदानी है। वैसे तो ममदानी अभी मेयर बने नहीं हैं। ममदानी ने डेमोक्रेट पार्टी का प्राइमरी चुनाव बस जीता है। मतलब वो डेमोक्रेट पार्टी के प्रत्याशी होंगे। असली चुनाव नवंबर में होंगे। न्यूयॉर्क शहर का वोटिंग पैटर्न बताता है कि डेमोक्रेट्स का उम्मीदवार ही मेयर का चुनाव जीतता है। लगभग सभी जानकार इस मामले में एकमत हैं कि ममदानी ही अगले मेयर होंगे। अगर ऐसा हो जाता है तो न्यूयॉर्क शहर के 400 साल के इतिहास में पहली बार एक मुसलमान और दक्षिण एशियाई मूल का मेयर बनेगा। हालांकि ममदानी की पहचान इतने तक सीमित नहीं है। उनकी जीत डेमोक्रेट्स की राजनीति में बदलाव के रूप में देखी जा रही है। पूरे अमेरिका समेत हिंदुस्तान में इसे लेकर खासी दिलचस्पी है। कौन हैं ममदानी, हिंदुस्तान से उनका रिश्ता क्या, उनकी राजनीति क्या है और क्या क्या विवाद उनसे जुड़े हैं, तमाम मुद्दों का एमआरआई स्कैन करेंगे। इसे भी पढ़ें- दुनिया के सबसे अमीर शहर का मेयर बनेगा ये भारतीय! मशहूर फिल्म निर्देशक के हैं बेटे न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में डेमोक्रेट के प्राइमरी उम्मीदवार अमेरिका के एक छोटे से चुनाव में भारत और पाकिस्तान का मुद्दा छा गया है। पहली बार दक्षिण एशियाई, भारतवंशी और मुस्लिम मूल के ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया है।–**महिमा राठौड़**



आस्था

आषाढ़ कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि दिन मंगलवार

# (साहित्य का मंच या शिकार की मंडी ?)

**नई लेखिका आई है – और मंडी के गिद्ध जाग उठे हैं**

**नई लेखिकाओं के उभार के साथ-साथ जिस तरह साहित्यिक मंडियों में उनकी रचनात्मकता की बजाय उनकी देह, उम्र और मुस्कान का सौदा होता है – यह एक गहरी और शर्मनाक सच्चाई है। मंच, आलोचना, भूमिका, सम्मान - सब कुछ एक जाल बन जाता है। यह संपादकीय स्त्री लेखन के नाम पर चल रही पाखंडी व्यवस्था को आईना दिखाता है, जहाँ लेखिका की कलम से ज़्यादा उसकी %उपस्थिति% बिकती है। अब समय आ गया है कि साहित्य की दुनिया इस अंदरूनी शोषण को पहचाने और बदलने का साहस करे।**

**प्रियंका सौरभ**

नई लेखिका जैसे ही साहित्य के आंगन में प्रवेश करती है, एक



उत्सव-सा माहौल बनता है। वह कलम लेकर आई है – शब्दों को जीवन देने, अनुभवों को साझा करने और संवेदनाओं को स्वर देने के लिए। पर क्या केवल शब्दों की शक्ति ही काफी है इस जगत में टिके रहने के लिए? नहीं। इस मंडी में उसकी लेखनी से पहले उसका चेहरा देखा जाता है। किताब से पहले उसकी उम्र पूछी जाती है। विचारों से पहले उसकी वाणी और मुस्कान पर चर्चा होती है। और दुर्भाग्यवश, यही वह बिंदु है जहाँ साहित्यिक क्षेत्र का स्याह सच उभरता है।आज भी देश के तमाम साहित्यिक मंचों, गोष्ठियों और पत्रिकाओं में एक नारी लेखिका को रचनाकार कम और सौंदर्य अधिक समझा जाता है। वरिष्ठों की प्रशंसा के शब्दों में सराहना से अधिक संकेत होते हैं। मंच पर बुलावा केवल कविता पाठ के लिए नहीं होता, बल्कि उस 'नवयौवना' ऊर्जा को भुनाने की एक शातिर कोशिश होती है।

आप बहुत अच्छा लिखती हैं कहने वाले बहुत होते हैं। लेकिन उनमें से कई की नज़रों में लफ्ज़ नहीं, लार होती है। गोष्ठी के बाद की पार्टियों में कविता का नहीं, शरीर का मूल्यांकन होता है। और जो लेखिका इन सबके लिए 'ना' कहती है, उसे 'घमंडी', 'असहयोगी', और बदतमीज़ कहा जाता है। साहित्य की यह मंडी उस बौद्धिक आज़ादी की कब्रगाह बन चुकी है, जिसका स्वप्न लेकर कई स्त्रियाँ अपनी कलम उठाती हैं। नई लेखिका को मंच नहीं, मौन मिलते हैं। समर्थन नहीं, संशय मिलते हैं। उसके हर शब्द के पीछे मंशा तलाशने की कोशिश होती है – ÷किसके लिए लिखा? किसके कहने पर?, किस इरादे से? यह वही समाज है जो एक ओर मी टू आंदोलनों पर अख़बारों में कॉलम लिखता है, और दूसरी ओर साहित्यिक सम्मेलनों में युवा लेखिकाओं को एकांत में बुलाकर ÷व्यक्तिगत मार्गदर्शन÷ देने को तैयार हो जाता है।इस मानसिकता ने न केवल नई प्रतिभाओं को कुचला है, बल्कि साहित्य के प्रति महिलाओं के विश्वास को भी तोड़ा है। लेखन की दुनिया को जिनका घर बनना था, वहां दरवाज़े बंद मिलते हैं – अगर वे समझौता नहीं करतीं।इतिहास गवाह है – अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, मन्नू भंडारी, मृणाल पांडे, वंदना राग जैसी लेखिकाओं ने न केवल कलम चलाई, बल्कि उस पितृसत्ता के खिलाफ भी लिखीं जो साहित्य की गली में भी घर बनाए बैठी थी। उन्होंने यह रास्ता संघर्षों से सींचा, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक चेतना छोड़ी। लेकिन फिर भी सवाल खड़ा होता है – क्यों आज भी नई लेखिका को अपनी गरिमा की रक्षा के लिए चुप रहना पड़ता है या लड़ना पड़ता है? क्यों अब भी वरिष्ठ पुरुष लेखकों के लिए 'नारी-लेखन' एक 'आसान निशाना' बना हुआ है?कई बार तो लेखिका की लेखनी को ही पुरुष संरचना में ढालने की कोशिश की जाती है। थोड़ा कम उग्र लिखो, ज्यादा संवेदनशील बनो, रोमांटिक कविताएं ज्यादा सराही जाती हैं÷ – ये सब नए नामों को सिखाने वाले 'गुरुजन' के परामर्श होते हैं। लेकिन सच तो ये है कि यह अनुरूपता नहीं, बल्कि अनुनय की मांग होती है। एक अन्य पक्ष यह भी है कि जब कोई लेखिका सफल हो जाती है – तो उसकी सफलता का श्रेय उसके किसी पुरुष मार्गदर्शक को दे दिया जाता है। जैसे उसकी प्रतिभा खुद उसकी नहीं थी, बल्कि किसी के संपर्क और संरक्षण से मिली हुई थी। और जब वह इन चीज़ों से इनकार करती है – तो उसकी कविताओं की समीक्षा नहीं होती, बल्कि उसके चरित्र की। यही दोहरा मापदंड इस मंडी की रीढ़ बन गया है। अब ज़रूरत है – इस व्यवस्था को सवालों के कटघरे में खड़ा करने की।अब ज़रूरत है – कि हर नई लेखिका अपनी कविता में यह लिखे कि ÷मैं कोई गुलाब नहीं, जो सिर्फ़ सजने के लिए खिला हूँ – मैं वो काँटा हूँ जो तुम्हारे इरादों को चीर देगा। लेखिकाओं को एक-दूसरे की आवाज़ बनना होगा। उन्हें मंच साझा करने से अधिक, स्पेस साझा करना होगा – जहां वे एक-दूसरे को सुनें, समर्थन दें, और किसी को भी अकेले न छोड़ें।प्रकाशक, संपादक, आयोजक – अब तुम्हारे लिए भी चेतावनी है। अगर तुम अपनी नीतियों को साफ़ नहीं करोगे, तो ये कलमें तुम्हारे नाम को स्याही से नहीं, आग से लिखेंगी। यह मंडी, जो कभी विचारों की थी, आज बाजार बन गई है – जहां 'स्त्री उपस्थिति' बिकती है, 'लेखनी' नहीं।पर यह बाज़ार भी एक दिन ढहेगा – जब हर लेखिका अपने भीतर के डर को मिटाकर मंच पर सिर्फ़ कविता नहीं, हक़ मांगेगी।

> मेरे शब्द मेरे होंठों से नहीं, मेरी आत्मा से निकले हैं – और तुमने मेरी आत्मा को रौंदा है, तो अब यह कलम चुप नहीं बैठेगी।

**प्रियंका सौरभ**
**स्वतंत्र लेखिका, स्त्रीवादी चिंतक, कवयित्री**

# कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए



आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें अनियोजित निर्णय लेते समय, बड़े बुजुर्गों की कहावतों पर गौर करने से विपत्तियों से बचने और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सुविधा होती है - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस !यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं।साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है। साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा । हमें परिस्थिति के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेना चाहिए न कि जल्दबाजी में या घबराकर कोई कदम उठाना चाहिए जिससे की हमारे पक्ष में होने वाली बात का भी विपरीत असर हो जाये ।सबसे बड़ी बात हमें किसी भी विपरीत स्थिति में धैर्य , सहनशीलता और शांति से निर्णय लेने की आदत डालनी चाहिए अगर ऐसा हुआ तो हम अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे । **–एड किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया**

# दिनदहाड़े अधेड़ की हत्या का प्रयास करने वाले 24 घंटे में नहीं पकड़े तो कोतवाली का होगा घेराव

### - बैरियर चैराहे पर दिनदहाड़े अधेड़ की हत्या के प्रयास से कुशवाह समाज में आक्रोश

**निज संवाददाता**

मुरैना। रविवार की दोपहर बैरियर चैराहे पर दिन दहाड़े छेड़छाड़ करने के मामले में वांछित चार आरोपियों द्वारा लड़की के पिता को सड़क पर डालकर बेसबॉल के डंडे से मारपीट कर पत्थर से उसके दोनों पैर कुचलकर हत्या किए जाने के प्रयास मामले में अब कुशवाह समाज एकजुट होकर आंदोलन करने के मूड में आ गया है। कुशवाह समाज के लोगों ने सोमवार को मीडिया के समक्ष कहा है कि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कुशवाह समाज के लोग कोतवाली का घेराव करेंगे।उल्लेखनीय है कि जौरा के कांसपुरा के रहने वाला 50 वर्षीय अधेड़ अपने बेटे के साथ रविवार दोपहर 1 बजे मुरैना से ग्वालियर जाने की तैयारी में थे। तभी छेड़छाड़ के आरोपी गुढ़ा आसन निवासी आरोपियों ने बैरियर चैराहे पर घेरकर उनपर हमला कर दिया। एक युवक ने उन पर बेसबॉल के डंडे से बेरहमी से प्रहार किए और उसके साथी युवक ने जमीन पर पड़ा पत्थर उठाकर अधेड़ के पैर कुचल दिए। जिससे उनके दोनों पैर फैक्चर हो गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी भूरा गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर, अनिल गुर्जर, मनोज गुर्जर निवासी गुढ़ा आसन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।



### छेड़खानी के बाद दोनों पक्षों में हुआ था राजीनामा,

लेकिन मारपीट की टशन नहीं भूल पाए आरोपीजौरा थाना अंतर्गत कांसपुरा गांव में चार-पांच दिन पूर्व आरोपी भूरा गुर्जर एवं रंजीत गुर्जर द्वारा निर्मल कुशवाह 50 वर्ष की बेटी के साथ छेड़खानी कर उसे अपना नंबर देने का प्रयास कर रहे थे, तभी गांव वालों ने देख लिया और दोनों की जमकर मारपीट कर दी। थाना प्रभारी उदयभान सिंह के अनुसार मारपीट में एक युवक को 12 टांके आए थे। उक्त घटना के बाद दोनों पक्ष के बड़े बुजुर्ग द्वारा राजीनामा कर लिया गया, लेकिन मारपीट की टशन भूरा और रंजीत दिमाग में चल रही थी। इसका बदला लेने के लिए वह लगातार निर्मल कुशवाह की लोकेशन ले रहे थे। इसी के चलते रविवार की दोपहर दोनों आरोपी अपने दो साथियों के साथ मुरैना बेरियल चैराहे पर पहुंचे और निर्मल को बीच सड़क पर डालकर बुरी तरह पीटकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया और घायल अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

# जिला मुख्यालय पर बाढ़ आपदा संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन किया

**निज संवाददाता**



मुरैना। बाढ़ आपदा संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस मुरैना में किया गया। बाढ़ संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन दो तरह की परिस्थितियों को लेकर किया गया, जिसमें सबसे पहले बाढ़ की सूचना यदि स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ कंट्रोल रूम को दी जाती है कि टेंटरा थाना अंतर्गत कैमरा कला गांव में 7 लोग चंबल नदी के पानी से घिर गए है, कंट्रोल रूम के द्वारा बाढ़ एसओपी के अनुसार संबंधित विभागों को अलर्ट किया जाता है एवं रेस्क्यू किया जाता है। अलग-अलग तरह के विक्टिम को किस तरह लिटिंग एंड मूविंग के माध्यम से स्टेबलाइज किया जाता है, इसका प्रदर्शन भी किया गया। दूसरी परिस्थिति में थाना देवगढ़ के अंतर्गत कोई व्यक्ति पानी में डूब गया है एवं उसे तुरंत रेस्क्यू की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ विक्टिम को सीपीआर देकर उसे स्टेबलाइज किया गया और उसे एसओपी तात्कालिक कैसे दी जाती है, इसके बारे में बताया गया।

# पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**निज संवाददाता**

मुरैना। सोमवार को मध्य प्रदेश पटवारी संघ मुरैना के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम पटवारी की मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा है तथा शीघ्र ही मांगों का निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि भू-अभिलेख का डिजीटाइजेशन हो या प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना जैसे कार्य हो। खेद का विषय है कि प्रदेश स्तर पर चाहे वेतमान हो, पदोन्नति हो, स्थानांतरण या अन्य मौलिक अधिकार हो उसका शोषण हुआ है। पटवारी ने ज्ञापन में जो मांगे रखी थी उनमें बताया गया कि पति एवं पत्नी दोनों पटवारी होने पर भी एक जिले में पदस्थापना का लाभ नहीं दिया गया, पति-पत्नी दोनों शासकीय सेवक होकर भी एक ही जिले स्थानांतरित नहीं किया गया, वैवाहिक स्थिति में महिला पटवारियों को उनके ससुराल क्षेत्र के जिलो स्थानांतरित नहीं किया गया, गंभीर रूप से बीमारी से पीड़ित पटवारियों को उनके गृह जिलो में पदस्थापना से वंचित रखा गया, आपसी सहमति (म्यूचुअल) स्थानांतरण आवेदन की स्थिति मे एक को लाभ दिया, दूसरे पटवारी को वंचित रखा गया सहित अन्य मांगे शामिल थी।




# जैन मिष्ठान व डिस्पोजल की दुकान से सवा लाख की चोरी

**निज संवाददाता**

मुरैना। सिटी कोतवाली के अंतर्गत पुरानी कलेक्ट्रेट सुलभ शौचालय के ठीक सामने गुफा मंदिर के बाहर स्थित जैन मिष्ठान एवं जैन डिस्पोजल की दुकान का शटर तोड़कर बीती रात्रि अज्ञात चोर सवा लाख रुपए का समान एवं नगदी समेट कर ले गए। सुबह जब दुकान खुली, तब घटना का पता चला, जिसके बाद फरियादी ने कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुफा मंदिर की जगह में संचालित जैन मिष्ठान भंडार संचालक संजीव कुमार जैन एवं जिनेंद्र डिस्पोजल हाउस संचालक अंजीत कुमार जैन रविवार की रात की दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के शटर टूटे पाए गए। दोनों ने अपनी-अपनी दुकान को देखा तो दो मोबाईल कीमत 20 हजार, 24 हजार नगद, गोदाम से 12 कार्टून डिस्पोजल गिलास, 40 किलो कॉपर एसी की कीमत 70 हजार के अलावा मिठाई की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खोलकर ले गए। दोनों फरियादी ने घटना की सूचना पुलिस को दी, इसके बाद थाने में जाकर आवेदन दिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय बात यह है कि यह एमएस रोड मुख्य मार्ग है शहर का और रात भर लोगों का स्टेशन से आना जाना रहता है। शहर में पुलिस कहां पर गस्त कर रही है, इसको लेकर जनता में सवाल है।



# अमन सिंह ने असिस्टेंट कमांडर 2024 की परीक्षा में 250 वीं रैंक की प्राप्त

**निज संवाददाता**

मुरैना। यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट 2024 की परीक्षा में मुरैना निवासी अमन सिंह भदोरिया को ऑल इंडिया रैंक 250 प्राप्त हुई है। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि वह ग्राम चचिहा के निवासी हैं। वर्तमान में नौकरी में संलग्न होने के कारण तैयारी चुनौती पूर्ण रही थी। बीते वर्ष यूपीएससी सीएपीएफ 2023 की परीक्षा में कुछ अंकों से रह गए थे। फौज में अधिकारी बनने के लिए हमने पूर्व में यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा लिखित हर बार निकाली, लेकिन एसएसबी साक्षात्कार में किसी न किसी स्टेज पर रुकने के कारण अंतिम चरण नहीं हो पाया। तैयारी के दौरान माता-पिता भाई बहन का सहयोग रहा एवं पूर्ण विश्वास रहा, जिसके कारण इतना लंबा एवं कठिन सफर तय कर पाया। बड़े भाई ने पिता के समान एवं बहन ने मित्र के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया।

# बाप के हत्यारे बेटे को मिला आजीवन कारावास

**निज संवाददाता**

मुरैना। न्यायालय सत्तम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आप की हत्या करने वाले कलयुगी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। शासन की ओर से पैरवी इन्द्र सिंह गुर्जर एवं संदीप मिश्रा अपर लोक अभियोजक ने की।घटनाक्रम के अनुसार 16 मई 2024 को अभियुक्त सुधांशु ने सुबह 10.30 बजे अपने पिता रवि प्रताप की बेसबॉल के डण्डे से पीटकर व प्रेस से जलाकर हत्या कर दी व मां को भी बेसबॉल के डण्डे मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बड़े लडके तरुण बैस की रिपोर्ट पर से धारा 302, 307 के तहत अपराध दर्ज होकर न्यायालय में चालान पेश होकर शाक्ष्य अंकित की गई। अभियोजन की ओर से कराई गई महत्वपूर्ण साक्ष्य व तर्कों से सहमत होकर न्यायालय सत्तम अपर सत्र न्यायालय द्वारा आरोपी सुधांशु पुत्र रवि प्रताप निवास दत्तपुरा मुरैना को धारा 302 में आजीवन कारावास व 1000 रुपये अर्थदण्ड व 307 में 5 साल की सजा व 500 रुपये जुर्माना की सजा दी है।

# भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-2 की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**निज संवाददाता**

मुरैना। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक जैन मिलन महिला राजुल मुरैना के अतिथ्य और जैन मिलन मुरैना के सहयोग से होटल शेवरोन एम एस रोड मुरैना में आयोजित की गई। इस दौरान रेनू जैन द्वारा महावीर प्रार्थना प्रस्तुत की गई व खुशी के द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति की गई और महिला राजुल के सदस्य द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र जैन राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, अतिविशिष्ट अतिथि राजेश जैन बंटी राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष, अतिवीर बालचंद्र जैन राष्ट्रीय संरक्षक, शीला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेन्द्र जैन मगरोनी, मुकेश जैन पत्रकार शिवपुरी, प्रदीप जैन, अनीता जैन, निर्मल पाटनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जैन क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन कार्यक्रम के दीप प्रज्ज्वलन कर्ता अंजली जिनेश जैन अम्बाह, चित्र अनावरणकर्ता अभिषेक जैन टीटू, कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिल्पी जैन, क्षेत्रीय उपमंत्री संजय जैन, संयोजक ग्रुप ई लीना जैन, जैन मिलन महिला राजुल की अध्यक्ष आशिमा जैन, मंत्री बबिता जैन, कोषाध्यक्ष निलिमा जैन, जैन मिलन मुरैना से अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, मंत्री मनीष जैन, नवनीत जैन सहित भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, भिण्ड, गोरमी, मेहगांव, पोरसा, अम्बाह, जौरा, सुमावाली, शिवपुरी, करैरा, मगरोनी, नरवर, भितरवार, डबरा, ग्वालियर की महिला, पुरुष, युवा और बालिका शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित लगभग 400 लोग शामिल हुए। सभी ने अतिथ्य शाखा महिला राजुल मुरैना और सहयोगी शाखा जैन मिलन मुरैना को सफल आयोजन की बधाई और शुभकामनायें दी गई। इस मौके पर जैन मिलन महिला राजुल सीमा, संगीता, रेनू, सुनीता, अंतिम, विमलेश, सोमी, सरिता, भावना, प्रियंका, सविता, शिवानी, शालिनी, वंदना, रेनू, पिंकी, रूबी, जूली, पूनम, नेहा, सोनल, कल्पना, शोभना, सरिता, निशि, नेहा, सुलोचना, दीपेश, सुनील व जैन बालिका शाखा से अध्यक्ष दीक्षा जैन, मंत्री साक्षी आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# दिगंबराचार्य विद्यासागर का दीक्षा समारोह मनाया गया



**निज संवाददाता**

मुरैना। आचार्य श्री विद्यासागर का 58वें दीक्षा दिवस पर सारा विश्व उन्हें याद कर रहा है। आज वो हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनका जीवन चरित्र और उनका बताया ज्ञान आज भी हमारे बीच है। पूज्य गुरुदेव का जीवन चरित्र पड़ने मात्र से जीवन में बहुत बदलाव आ जाता है। दीक्षा लेकर साधु हो जाना या मुनि हो जाना बहुत आसान है किंतु समस्त शास्त्रों के ज्ञान के बाद व्यक्ति उपाध्याय हो जाता है और कठोर तप करते हुए वह आचार्य पद ग्रहण करता है। ऐसे ही आचार्य हैं विद्यासागर महाराज। आचार्यश्री ने अनुशासन और तप से अपने मन और तन को कुंदन बना रखा था। उनके तपोबल का तेज उनके चेहरे पर निरंतर झलकता रहता था। आचार्य विद्यासागरजी ने धर्म की प्रभावना समाज में फैलाई। उनकी यही प्रभावना देश को अहिंसा के पथ पर ले जाती है। उनकी यह दीक्षा हमेशा समाजवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। 58वें दीक्षा दिवस महोत्सव नसियां जी जैन मंदिर में प्रातःकालीन वेला में श्री जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हजारों की संख्या में उपस्थित साधर्मी बंधुओं, माता बहिनों, बच्चों ने अष्टद्रव्य से पूज्य आचार्यश्री का पूजन किया।

# गोवंश सांड की मौत से आक्रोशित गौ सेवकों ने एक घंटे लगाया जाम

**निज संवाददाता**

मुरैना। जिले के जौरा नगर में रविवार की रात एक अज्ञात वाहन चालक ने गोवंश को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार दिया, जिससे आक्रोशित गौ सेवकों ने एमएस रोड पर जाम लगा दिया, जो एक घंटे चला। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा काफी समझाईश के बाद एक घंटे पश्चात जाम को हटवाया गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।रविवार की रात 9 बजे एमएस रोड हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश साड की मौत के बाद एक सैकड़ा गौ सेवक सड़क पर मृत सांड के साथ बैठ गए, जिससे एमएस रोड पर वाहनों का आवागमन बाधित होने लगा। रात 10:00 बजे तक सड़क पर दोनों तरफ 2 किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। गौ सेवक सीएमओ, अध्यक्ष, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका मुरदाबाद के नारे लगा रहे थे। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व काफी देर के प्रयास के बाद गौ सेवकों को आश्वासन देकर जाम हटाने को कहा गया, जिस पर वह मान गए और जाम खोल दिया गया।



# मलेरिया जागरूकता हेतु मौधना जवाहर गांव में लगाया शिविर

**निज संवाददाता**

मुरैना। सिविल हॉस्पिटल जोरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल के मार्गदर्शन में मलेरिया रोग के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने हेतु ग्राम मौधना जवाहर एवं मौधना भीकम में मलेरिया जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एमपीएस दीनदयाल शर्मा एवं रामनिवास कुशवाह के द्वारा अपनी स्वास्थ्य टीम में बीव आशीष शर्मा, एएनएम आरती राठौर एवं आशा कार्यकर्ता प्रवेश सिकरवार के साथ गांव में लोगों को मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम के द्वारा गांव में हर घर में दस्तक देकर लोगों से चर्चा की एवं उन्हें मलेरिया रोग से बचाव हेतु जानकारी दी। साथ ही घरों में पानी की टंकियों, कूलर की टंकी एवं अन्य ऐसे स्थान जहां पर जल भराव हो उसकी देख-रेख करने एवं उस पानी को खाली करने एवं टंकीयों को सूखने के बाद दोबारा पानी भरने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि ज्यादा दिन तक भरे हुए पानी में लार्वा हो सकता है, इसलिए ज्यादा समय तक पानी का भराव ना करें एवं घरों के आसपास साफ-सफाई रखे। रात्रि के समय सोते समय फुल कपड़े पहनकर सोये एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें व बुखार आदि आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराये।



# रेलवे फाटक पर एक दिन के लिए सड़क यातायात रहेगा बंद

**निज संवाददाता**

मुरैना। उत्तर मध्य रेल द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन मुरैना को पत्र लिखकर जानकारी दी गई है कि 5 जुलाई से 6 जुलाई तक समपार क्रमांक 452 पर टीपीआर (पी) का कार्य चालू रहेगा, जिस कारण सडक यातायात 24 घंटे के लिए बंद रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से पत्र में कहा है कि संबंधित अधिकारियो को उपरोक्त फाटक पर बाहनों का आवागमन बंद करने हेतु उचित निर्देश जारी करें। इस अवधि के दौरान सडक यातायात गांव दीखतपुरा के पास बने हुये (एलएचएस-453) से परिवर्तित किया जाना प्रस्तावित है।

# एक शतक जड़ते ही विराट और सचिन को इस मामले में पीछे छोड़ देंगे पंत..




खेल एजेंसी

**बर्मिंघम।** पंत ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में कुल मिलाकर पांच शतक जड़े हैं। इनमें चार शतक पंत ने इंग्लैंड की धरती पर और एक शतक भारतीय सरजमीं पर लगाया है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से बर्मिंघम में खेला जाएगा। इसको लेकर भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। लीड्स में हार के बाद भारत को वापसी करने के लिए यह टेस्ट जीतना होगा। हालांकि, बर्मिंघम में टीम इंडिया का पिछला रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। टीम ने आठ में से सात मैच गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है। हालांकि, शुभमन गिल अगला टेस्ट जीतकर इस मैदान पर जीत हासिल करने वाले पहले कप्तान बनना चाहेंगे। टीम को एक बार फिर ऋषभ पंत से काफी उम्मीदें होंगी। भारत जब पिछली बार इस मैदान पर उतरा था तो पंत ने शतक लगाया था। 2022 में खेले गए उस मुकाबले में पंत ने पहली पारी में 146 रन और दूसरी पारी में 57 रन बनाए थे। अब उनसे फिर से शतक की उम्मीद की जा रही है। अगर वह आगामी टेस्ट में एक शतक लगाते हैं तो विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर को दो अलग-अलग मामले में पीछे छोड़ देंगे। फिर उनसे आगे सिर्फ राहुल द्रविड़ रह जाएंगे। दरअसल, पंत ने अब तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में कुल मिलाकर पांच शतक जड़े हैं। इनमें चार शतक पंत ने इंग्लैंड की धरती पर और एक शतक भारतीय सरजमीं पर लगाया है। अगर वह एक शतक लगाते हैं तो इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। अभी वह सचिन और दिलीप वेंगसरकर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। तीनों ने इंग्लैंड की धरती पर चार-चार शतक लगाए हैं। एक शतक लगाते ही पंत सचिन को पीछे छोड़ देंगे। द्रविड़ इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड में सबसे ज्यादा छह शतक लगाए हैं। अगर पंत दोनों पारियों में शतक लगाते हैं तो द्रविड़ की बराबरी कर लेंगे। दो से ज्यादा शतक लगाकर पंत के पास इस सीरीज में द्रविड़ से आगे निकलने का भी मौका है।

इतना ही नहीं, एक शतक लगाते ही पंत इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन जाएंगे। इस मामले में वह मोहम्मद अजहरुद्दीन की बराबरी करेंगे। पंत ने घर और इंग्लैंड को मिलाकर इंग्लिश टीम के खिलाफ पांच शतक लगाए हैं। वह कोहली, पुजारा और वेंगसरकर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। एक शतक लगाते ही उनके छह शतक हो जाएंगे और अजहरुद्दीन की बराबरी कर लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय में द्रविड़ और सचिन शीर्ष पर हैं। दोनों ने इंग्लिश टीम के खिलाफ सात-सात शतक जड़े हैं। पंत के पास इनसे आगे निकलने का भी मौका है। इंग्लैंड में ओवरऑल सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विदेशी बल्लेबाजों में ऑस्ट्रेलिया के महान सर डॉन ब्रैडमैन शीर्ष पर हैं। उन्होंने इंग्लैंड में 11 शतक जड़े थे। दूसरे और तीसरे नंबर पर भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ही हैं। स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड में आठ शतक और पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने इंग्लैंड में सात शतक लगाए हैं। इसके बाद विदेशी बल्लेबाजों में राहुल द्रविड़ (6 शतक), वेस्टइंडीज के गॉर्डन ग्रीनीज (6 शतक), ऑस्ट्रेलिया के विलियम बार्डस्ले (5 शतक) और एलेन बॉर्डर (5 शतक) का नंबर आता है। वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स, दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ, वेस्टइंडीज के सर गैरी सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के मार्क टेलर ने भी इंग्लैंड में पांच-पांच शतक लगाए हैं।

# वाणी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में संयुक्त छठे नंबर पर रहीं



खेल एजेंसी

**हैमबर्ग (जर्मनी)।** मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने अमूंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में निराशाजनक तीसरे दौर के बाद शानदार वापसी करते हुए अंतिम दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ अपने अभियान को संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। वाणी अक्तूबर 2022 के बाद एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर पहली बार शीर्ष 10 में रही है। उन्होंने इससे पहले हीरो महिला इंडियन ओपन में संयुक्त आठवां स्थान हासिल किया था। मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया। भारत की दीक्षा डागर भी संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में रही। दीक्षा ने चौथे दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दिनों में 69, 73 का कार्ड खेलने के बाद दीक्षा शीर्ष पांच में थी लेकिन तीसरे और चौथे दौर में 74, 74 के कार्ड के बाद वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी। कट में प्रवेश करने वाली एक अन्य भारतीय अवनि प्रशांत पार 73 के कार्ड के साथ संयुक्त 26वें स्थान पर रही। अवनि ने शुरुआती तीन दौर में 73, 74, 74 के कार्ड खेले थे। सिंगापुर की शैनन टैन अंतिम दिन तीन ओवर 76 का कार्ड खेलने के बावजूद एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रही। शैनन का एलईटी पर यह दूसरा खिताब है। शैनन (70,69,68,76) ने जर्मनी को हेलन ब्रीम (68, 70, 73, 73) को करीबी मुकाबले में पछाड़कर खिताब जीता।

# राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने महिला कोच पर लगाया यौन शोषण का आरोप, माता-पिता ने दर्ज कराई एफआईआर



खेल एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और साई ने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत मिलने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एफआईआर में दर्ज यौन उत्पीपड़न के आरोपों को लेकर सूचित किए जाने से इनकार किया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की एक नाबालिग मुक्केबाज ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। इस मुक्केबाज के माता-पिता ने कोच के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईएआर) दर्ज कराई है। इसके अनुसार, लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न के कारण यह नाबालिग मुक्केबाज अवसाद में चली गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) और साई ने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत मिलने की बात स्वीकार की है। हालांकि, एफआईआर में यौन उत्पीपड़न के आरोपों को लेकर सूचित किए जाने से इनकार किया है। वहीं, बीएफआई और साई ने बताया कि उनकी आंतरिक जांच में कोच के खिलाफ किसी प्रकार का सबूत नहीं मिला है। यह कोच इस समय जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय शिविर के संचालन में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। रोहतक पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि कोच ने एक बार जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश की, उसे कई बार थप्पड़ मारे, उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी और अन्य मुक्केबाजों के सामने उसके चरित्र पर सवाल उठाए। कोच के खिलाफ शिकायत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (जान बूझकर से चोट पहुंचाना) और 351 (3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दर्ज की गई है। साई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह जांच में सहायता करेगा। आरोप लगाने वाली इस मुक्केबाज के माता-पिता ने कहा है जिस तरह से बीएफआई का इस मामले में रवैया रहा है, वे इससे खुश नहीं हैं। पीड़िता के माता-पिता ने उसके खिलाफ हुई दुर्व्यवहार का वर्णन करते हुए बताया कि आयरलैंड दौरे पर कोच ने इस मुक्केबाज को अपमानित किया और उसका यौन उत्पीड़न भी किया।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगी भारतीय महिला टीम, दूसरे टी20 में होगी हरमनप्रीत कौर की वापसी?



खेल एजेंसी

**ब्रिस्टल।** नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। भारतीय महिला टीम का इंग्लैंड से पांच मैचों की टी20 सीरीज में सामना हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 मैच में 97 रनों से हराया था। अब टीम की नजर दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज कर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करने पर होगी। ब्रिस्टल में मंगलवार को दूसरा मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से खेला जाएगा, जिसमें हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद है। पहले मुकाबले में उनकी जगह स्मृति मंधाना ने टीम की कमान संभाली थी। नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी प्रमुख तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर के चोटिल होने के बावजूद बेहतर टीम नजर आ रही थी। हरलीन देओल को तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला भी सही साबित हुआ क्योंकि उन्होंने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

## क्या एजबेस्टन में भारत को पहली जीत दिला पाएंगे गिल

# यहां कभी टेस्ट नहीं जीती टीम इंडिया, 2 जुलाई से दूसरा मैच




खेल एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 0-1 से पिछड़ रहा है। टीम को लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने 5 विकेट से हराया था। अब शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 5 मैचों की सीरीज में वापसी करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना होगा। यह मुकाबला 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाएगा। इस स्टोरी में 143 साल पुराने इस ऐतिहासिक मैदान पर भारत का रिकॉर्ड जानेंगे। साथ ही यहां भारत के टॉप स्कोरर और टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट भी देखेंगे हैं। भारतीय टीम ने एजबेस्टन मैदान पर पहला मैच 58 साल पहले 1967 में खेला था। 13 जुलाई से 15 जुलाई तक खेले इस गए मुकाबले में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 132 रनों की हार झेलनी पड़ी थी। तब से अब तक भारतीय टीम ने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले, लेकिन किसी भी मैच में जीत नसीब नहीं हुई। भारतीय टीम ने यहां 39 साल पहले 1986 को एक ड्रॉ मैच खेला था। 3 से 8 जुलाई तक चले इस मुकाबले में मोहिंदर अमरनाथ (79 रन), मोहम्मद अजहर (64 रन) और सुनील गावस्कर (54 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर मैच ड्रॉ कराया था। इस मैच की कप्तानी कपिल देव कर रहे थे। वर्तमान भारतीय टीम में ऋषभ पंत इकलौते खिलाड़ी हैं, जो एजबेस्टन मैदान पर भारत के टॉप प्लेयर्स की सूची में शामिल हैं। यहां के टॉप स्कोरर्स की सूची में विराट कोहली पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 4 पारियों में 57.75 के एवरेज से 231 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। 5 प्लेयर्स की इस सूची में सुनील गावस्कर, ऋषभ पंत, सचिन तेंदुलकर और गुंडप्पा विश्वनाथ जैसे नाम हैं। टॉप 5 विकेट टेकर्स में शामिल कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। यहां चेतन शर्मा ने 10 विकेट झटके हैं। इस सूची में ईएएस प्रसन्ना, आर अश्विन, कपिल देव और ईशांत शर्मा के नाम हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ अपना सबसे बड़ा रन चेज इसी मैदान पर किया था। 3 साल पहले 2022 में खेले गए इस मैच में भारत ने 378 रन का विशाल टारगेट सेट किया था। जिसे इंग्लैंड ने 3 सेशन में हासिल कर लिया था। टीम ने चौथे दिन लंच के बाद दूसरी पारी में खेलना शुरू किया और 5वें दिन लंच से पहले जीत हासिल कर ली थी। पंत-जडेजा ने शतकीय पारियां खेलीं 1 से 5 जुलाई तक चले इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने पहली पारी में ऋषभ पंत (146 रन) और रवींद्र जडेजा (104 रन) की शतकीय पारियों के दम पर 416 रन बनाए।

# 56 साल के हुए महान सनथ जयसूर्या, सचिन-कैलिस के साथ इस खास सूची में हैं शामिल



खेल एजेंसी

**नई दिल्ली।** अब तक सिर्फ तीन क्रिकेटर ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार से ज्यादा रन और 200 से ज्यादा विकेट लिए हैं। इनमें जयसूर्या भी शामिल हैं। दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में शुमार श्रीलंका के सनथ जयसूर्या 56 साल के हो चुके हैं। उनका जन्म 30 जून 1969 को श्रीलंका के मतारा नाम के जगह पर हुई थी। इस खिलाड़ी ने आगे चलकर न सिर्फ कई रिकॉर्ड्स बनाए, बल्कि श्रीलंकाई टीम की कप्तानी भी की। मैदान पर तबाही मचाने वाले इस दिग्गज से हर गेंदबाज खौफ खाता था। इतना ही नहीं, अपनी फिरकी से भी जयसूर्या ने बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। फिलहाल वह श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कोच के तौर पर अपना दायित्व निभा रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन क्रिकेटर ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार से ज्यादा रन और 200 से ज्यादा विकेट लिए हैं। इनमें जयसूर्या भी शामिल हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 586 मैच खेले। इसमें उन्होंने 21,032 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 34.1 का रहा। वहीं, उन्होंने 35.7 की गेंदबाजी औसत से 440 विकेट चटकाए। इस मामले में सिर्फ दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जैक कैलिस ही उनसे ऊपर हैं। कैलिस ने 519 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 49.1 की औसत से 25,534 रन बनाए। इसके अलावा कैलिस ने 32.1 की गेंदबाजी औसत से 577 विकेट भी लिए। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 664 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 48.5 की बल्लेबाजी औसत से 34,357 रन बनाए और 46.5 की गेंदबाजी औसत से 201 विकेट लिए।

## 2024 से सिराज को नहीं मिला पांच विकेट हॉल

# बुमराह की गैरमौजूदगी पड़ ना जाए भारी; कुलदीप पर नजरें



खेल एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फॉर्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हार चुकी भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में वापसी करना चाहेगी। दूसरा मैच एजबेस्टन में खेला जाएगा, जिसमें जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। लीड्स टेस्ट में बुमराह ने 14वीं बार पांच विकेट हॉल लेकर इंग्लैंड पर काफी हद तक दबाव बनाया था लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों का साथ नहीं मिला। मोहम्मद सिराज प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाए जबकि प्रसिद्ध कृष्णा महंगे साबित हुए। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला दो जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच में अगर बुमराह को आराम मिलता है तो तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्व की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी। हालांकि, सिराज फॉर्म से बाहर चल रहे हैं। 2024 से उन्होंने टेस्ट 19 पारियों में 28 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, उन्हें एक बार भी पांच विकेट हॉल नहीं मिला है। इस दौरान सिराज का औसत 37.5 का रहा है। वहीं, एजबेस्टन में उनके रिकॉर्ड पर नजर डालें तो उन्होंने सिर्फ एक मुकाबला खेला है। 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में सिराज को पहली पारी में चार विकेट मिले थे। हालांकि, दूसरी पारी में उनके हाथ खाली रहे। लीड्स टेस्ट में 31 वर्षीय गेंदबाज को सिर्फ दो विकेट मिले और उन्होंने 173 रन लुटाए थे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 200 से ज्यादा रन खर्च किए, जिसका असर मैच के नतीजे पर पड़ा। अब अगर बुमराह आगामी मुकाबले में नहीं खेलेंगे तो सिराज, प्रसिद्ध और शार्दुल पर सभी की नजरें रहेंगी। आमतौर पर एजबेस्टन की पिच स्पिन गेंदबाजों के लिए लाभदायी होती है। यही वजह है कि माइकल क्लार्क और मोहम्मद अजहरुद्दीन जैसे दिग्गजों ने कुलदीप यादव को प्लेइंग 11 में शामिल करने पर जोर दिया है। दोनों को पिच के सूखे रहने की उम्मीद है। क्लार्क ने बियॉन्ड23 पॉडकास्ट में कहा, गेंदबाजी के लिहाज से मैं किसी एक खिलाड़ी पर ज्यादा जोर नहीं देना चाहता, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें कुलदीप यादव को खिलाना चाहिए। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल आसान है। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है। भारत के लिए 2017 में टेस्ट डेब्यू करने वाले कुलदीप अब तक 13 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इनमें उन्होंने 3.55 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 56 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड में उन्होंने अबतक सिर्फ एक मैच खेला है, वो भी लॉर्ड्स में। 2018 में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ उनकी धरती पर खेलने का मौका मिला था, लेकिन वह एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। अब अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह अपने प्रदर्शन से प्रभाव डालने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ कुलदीप ने अब तक छह टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें उन्होंने 21 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि, ये सभी मैच भारतीय धरती पर खेले गए हैं।

# भारत का स्कोर 100 के पार, विहान-मौल्यराजसिन्ह क्रीज पर; वैभव 45 रन बनाकर लौटे

खेल एजेंसी

*__नॉर्थैम्पटन।__ भारत की अंडर-19 टीम का इंग्लैंड की अंडर-19 टीम से पांच मैचों की वनडे सीरीज में सामना हो रहा है। आज इस सीरीज का दूसरा मुकाबला नॉर्थैम्पटन में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत की अंडर-19 टीम का इंग्लैंड की अंडर-19 टीम से पांच मैचों की वनडे सीरीज में सामना हो रहा है। आज इस सीरीज का दूसरा मुकाबला नॉर्थैम्पटन में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत ने दो विकेट पर 100 से ज्यादा रन बना लिए हैं। विहान और चावड़ा क्रीज पर मौजूद हैं। आयुष म्हात्रे के नेतृत्व में भारतीय टीम पहला मुकाबला जीतकर 1-0 से आगे चल रही है। शुक्रवार को होव में खेले गए पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 42.2 ओवर में 10 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 24 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया था। भारतीय टीम अब इंग्लैंड को दूसरे मैच में भी मात देना चाहेगी।*

